दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 64 जयपुर, सोमवार, 12 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में हारा भारत



बेनोनी। ऑस्ट्रेलिया ने अंडर 19 विश्व कप 2024 के खिताब पर कब्जा कर लिया है। उसने फाइनल में भारत को 79 रनों से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 84 दिनों में दूसरी बार भारत को फाइनल में हराया है। इससे पहले टीम इंडिया को विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान के साथ 50 ओवरों में 253 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 43.5 ओवरों में 174 रन पर ऑल आउट हो गई। उसे 79 रनों से शिकस्त मिली। भारत के लिए आदर्श सिंह ने 47 रनों की पारी खेली।

### 10 लाख लोगों को मंगल पर ले जाएंगे मस्क



**वाशिंगटन।** एलन मस्क ने कहा है कि वह एक ऐसी कार्य योजना तैयार कर रहे हैं, जिससे दस लाख लोगों को पृथ्वी से मंगल ग्रह पर ले जाया जाएगा। एक दिन ऐसा भी आएगा जब मंगल ग्रह के लिए उड़ान देश के ही एक कोने से दूसरे कोने में विमान से जाने जैसी होगी। एलन मस्क ने कहा था कि इंसानों को चांद पर अगले आठ सालों में भेजा जा सकेगा। अमेरिकी अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अंतरिक्ष में उद्यम के एक और क्रांतिकारी कदम की घोषणा की है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**कुदरत मेहरबान:** हिंडोन के पास करीब 1888 हेक्टेयर में आयरन ओर ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरू


# लौह अयस्क के बड़े डिपोजिट्स मिले... उद्योगों को लगेंगे पंख

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के करौली के हिंडोन क्षेत्र में आयरन ओर (लौह अयस्क) के बड़े डिपॉजिट मिले हैं। खान विभाग ने राजस्थान के करौली में हिंडोन के पास करीब 1888 हेक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर ब्लॉकों के कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। खान सचिव आनन्दी ने रविवार को बताया कि करौली के हिंडोन के पास खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आरंभिक संकेतों के अनुसार आयरन ओर के 840 टन से अधिक डिपॉजिट हैं। आयरन ओर के नए डिपोजिट्स से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

### आरंभिक संकेतों के अनुसार आयरन ओर के 840 टन से अधिक डिपॉजिट

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की स्वीकृति से कंपोजिट लाइसेंस के ऑक्शन की राह प्रशस्त




### ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार

आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार कर दिये गए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा दी गई स्वीकृति के साथ ही कंपोजिट लाइसेंस के लिए ऑक्शन की राह प्रशस्त हो गई हैं। कंपोजिट लाइसेंस के ऑक्शन से इस क्षेत्र में फर्दर एक्सप्लोरेशन होगा और यह माना जा रहा है कि फर्दर एक्सप्लोरेशन से इस क्षेत्र में आयरन ओर के और अधिक डिपॉजिट मिलने की संभावना है।

### मेग्नेटाइट और हेमेटाइट होने के संकेत

विभाग द्वारा किए गए आरंभिक एक्सप्लोरेशन में लौह अयस्क के मेग्नेटाइट और हेमेटाइट दोनों के ही संकेत मिले हैं। करौली के खोड़ा में 462.3 हेक्टेयर, डेडरोली में 754.38 हेक्टेयर, टोडुपुरा में 260.71 और लीलोटी में 410.94 हेक्टेयर क्षेत्र में आयरन ओर के डिपॉजिट मिले हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार यहां आयरन ओर के 840 टन से अधिक डिपोजिट हैं। विभाग द्वारा किए गए एक्सप्लोरेशन के अनुसार यहां पर चुंबकीय प्रकृति के मेग्नेटाइट और नार्मल प्रकृति के हेमेटाइट आयरन ओर उपलब्ध हैं।

### प्रदेश में बढ़ेगा औद्योगिक निवेश

करौली में आयरन ओर मिलने से आने वाले समय में प्रदेश में औद्योगिक निवेश को और अधिक पंख लगेंगे। स्टील व सीमेंट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। आयरन ओर से स्टील उद्योग के साथ ही कोल वाशिंग, फेरोअलॉय, फाउंड्रीज, सेरेमिक और सीमेंट उद्योग सहित अनेक उद्योगों को वर्षों तक कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा व प्रदेश में इन उद्योगों में निवेश और नए उद्योग लगने के साथ ही रोजगार और आय के अवसर विकसित होंगे।

### अन्य स्थानों पर भी एक्सप्लोरेशन

राजस्थान में आयरन ओर के डिपॉजिट और अधिक मिलने की संभावना को देखते हुए अन्य स्थानों पर भी एक्सप्लोरेशन आदि का कार्य जारी है वहीं जयपुर, झुन्झुनू, भीलवाड़ा, सीकर, अलवर आदि में आयरन ओर के खनन और एक्सप्लोरेशन कार्य जारी है।

### पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और विचारों को बताया आदर्श

# विश्व मानता है 21वीं सदी भारत की: CM

## ■ पंडित उपाध्याय की अंत्योदय योजना ने दी देश की उन्नति को गति

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार मां भारती के लिए समय व परिस्थिति को देखते हुए बहुत ही प्रेणादायी और बहुत ही सारगर्भित रहे। उन्होंने कहा कि जब देश साम्यवादी-पूंजीवादी व्यवस्था पर चल रहा था तब पंडित उपाध्याय ने अंत्योदय का विचार देकर राष्ट्रवाद की कल्पना की और उस विचार को आगे बढ़ाया।

सीएम शर्मा रविवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर धानक्या स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रवादी लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। देश हजारों साल तक हुण, कुषाण इस्लाम और अंग्रेजों की गुलामी झेल चुका था, तब परिस्थितियां इतनी विकट थीं कि हमारी सांस्कृतिक विरासतों को कमजोर कर दिया गया था। ऐसे में राष्ट्रवादियों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी और आजादी के लिए स्वयं को न्योछावर कर दिया। आजादी मिली तब तक राष्ट्रवादी लोग या तो चले गए या उम्र के आखिरी पड़ाव पर थे, जब सरकार बनी तो दो धाराएं बन गई। एक वो थे जो सत्ता हासिल करना चाह रहे थे और एक वो थे जिन्होंने आजाद देश के सपने देखे और कई बरसों तक संघर्ष किया। ऐसे माहौल में पंडित दीनदयाल ने देश के अंतिम व्यक्ति को आगे लाने की परिकल्पना के अंतर्गत अंत्योदय के विचार दिया।

### अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति आज सीएम है: निंबाराम

आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने कहा कि आज इस परिसर से बाहर लगी एक फोटो प्रदर्शनी के फोटो को देखकर मेरे मन में विचार आया कि राजस्थान में पंडित उपाध्याय का जो अंत्योदय का विचार था, वह स्थापित है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में एक फोटो लगा हुआ है। इसमें भजनलाल शर्मा, राजनाथ सिंह के दौरे के समय व्यवस्थाओं में भागते दौड़ते नजर आ रहे हैं। तब मेरे मन में विचार आया कि जो व्यक्ति उस समय अंतिम पंक्ति में खड़ा था। वह आज राजस्थान का मुख्यमंत्री है।

### एकात्म मानववाद को लेकर चले थे उपाध्याय

सीएम ने कहा कि पंडित उपाध्याय एकात्म मानववाद को लेकर वो चलने वाले व्यक्ति थे। वर्तमान में हमारे देश को उसी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह कहते थे देश की खुशहाली गांव के किसानों से निकली है। जब किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। हमारी योजनाएं घर घर तक पहुंच रही हैं। हम गरीब की पीड़ा को जानते हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारे पड़ोसी को, हमारे गांव को, हमारे मोहल्ले को... जिसको भी हमारी जरूरत है, हम उसे सहयोग कर अपना कर्तव्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि आज दुनिया भी मानने लगी है 21वीं सदी भारत की होगी। 21वीं सदी में भारत विश्व का सिरमौर बनेगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, स्मारक समिति के अध्यक्ष मोहनलाल, भाजपा नेता ओंकार सिंह लखावत, निंबाराम सहित कई मंत्री, विधायक और आरएसएस तथा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### शेखावत ने देश में पहली बार लागू की अंत्योदय योजना

सीएम ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वर्ष 1977 में मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने भारत में पहली बार अंत्योदय के विचार के तहत 'काम के बदले अनाज योजना' लागू की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' दी। आज प्रधानमंत्री भी इसके तहत गरीब कल्याण की योजना, गरीबों को आवास, शौचालय, बिजली, पानी तक उपलब्ध करवाने का काम कर रहे हैं, यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार था।

### पहले देश नीचे से 5वें स्थान पर था अब ऊपर से है: धनखड़



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वच्छता और शौचालय अभियान इतनी बड़ी क्रांति बन गई है कि किसी ने सोचा नहीं था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को संबोधन में हर घर शौचालय की बात की तो उस वक्त मजाक उड़ाया गया था। आज हर घर में शौचालय है। इसी तरह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम से भी नारी शक्ति को आगे बढ़ने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले भारत की क्या स्थिति थी। पहले नीचे से 5वें नंबर पर हमारी गिनती होती थी, अब हमने कनाडा को पीछे छोड़ा है। हमने फ्रांस को पीछे छोड़ा है और ये इतना बड़ा बदलाव इसीलिए आया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। धनखड़ ने कहा कि आज हमारे देश में दीये, कैंडल, फर्नीचर, बाहर से आ रहा है। इसके दो दुष्परिणाम हैं। हमारा फॉरेन एक्सचेंज बड़ी मात्रा में बाहर जा रहा है। हम यहां के व्यापारियों के हाथ काट रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुआ कहा- इसे करना सरकार के बस की बात नहीं है, क्योंकि सरकार विश्व के बंधन में है। वहां कई प्रकार के नीतियां चलती हैं। लोगों पर कोई बंधन नहीं हैं। लोगों को स्वदेशी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए।

### 500 साल के संघर्ष के बाद बना राम मंदिर: राज्यवर्धन

प्रदेश के काबिना मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि पीएम मोदी का उद्देश्य है कि अंतिम छोर के व्यक्ति को प्रत्येक योजना का लाभ मिले। पीएम मोदी ने देश को मजबूती दी है। आज 500 साल बाद राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है, जो देश के लिए गौरव की बात है। अंत्योदय की यात्रा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन गरीबों की सहायता में बीता है। उन्होंने कहा कि स्वामी नारायण मंदिर हो, राम मंदिर हो या पुराना संसद भवन हो इन सब में राजस्थान की यादें कैद हैं, जो नक्काशी है उसमें राजस्थान के पत्थर हैं, जो राजस्थान की याद दिलाते रहते हैं।

### राजस्थान टूरिज्म को मिला सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार

## राजस्थान महलों, विरासतों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म का केंद्र: दीया कुमारी



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध है। ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोल दिए हैं। उपमुख्यमंत्री शनिवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 8 से 10 फरवरी तक आयोजित ओटीएम समापन और पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि ओटीएम एशिया में अग्रणी ट्रैवल ट्रेड शो है। इससे राजस्थान के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

**जी-20 समिट में मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका:** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान पर्यटन ने कई शहरों में जी-20 बैठकों की मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत के एमआईसीई हब के रूप में राजस्थान की छवि को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान में पर्यटन और संबद्ध उद्योग और व्यापार राज्य की अर्थव्यवस्था का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है और रोजगार सृजन, क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने आदि जैसे आर्थिक लाभ प्रदान करता है। 2022 में, राज्य ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए घरेलू और विदेशी दोनों पर्यटकों के लिए 7वां स्थान हासिल किया।

### ट्रैवल एजेंट्स ने दिखाई रुचि

ओटीएम में राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिला। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने खुशी जताई। इस मौके पर ट्रैवल एजेंट्स ने राजस्थान पर्यटन के विकास में गहरी रुचि दिखाई। मुंबई में राजस्थान के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंट्स ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की और राजस्थान पर्यटन के विकास के बारे में जानकारी ली। इस आयोजन में पूरे राजस्थान से ट्रैवल एजेंटों ने भाग लिया।

### रेल मंत्री ने किया बड़ा ऐलान

# अब विदेशों में पटरियों पर दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन... एक्सपोर्ट की तैयारी

- रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत को लेकर मिला है अच्छा फीडबैक
- इस आधुनिक ट्रेन में और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदम
- ट्रेन के नए वैरिएंट 'वंदे भारत स्लीपर' पर भी काम हो चुका है शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि आने वाले बरसों में देश में डिजाइन और निर्मित वंदे भारत ट्रेनों को निर्यात करने की तैयारी की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक एक ग्लोबल बिजनेस समिट में रेल मंत्री वैष्णव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शुरुआती चुनौती यह थी कि वंदे भारत ट्रेनों को देश के भीतर अपने इंजीनियरों द्वारा ही डेवलप कराया जाए। यह खुशी की बात है कि इसमें हमें सफलता भी



मिली है। वैष्णव ने कहा कि अब मैं विश्वास के साथ बोल सकता हूं कि आने वाले बरसों में हम इस ट्रेन का निर्यात भी शुरू कर देंगे।

### बेहतरी के लिए किए जा रहे हैं सुधार

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत को लेकर अच्छा फीडबैक मिला है। फिलहाल, इन ट्रेनों में और सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन के नए वैरिएंट वंदे भारत स्लीपर पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। रेल मंत्री ने हाल ही में बताया था कि वंदे भारत रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 82 कर दी गई है।

### गति 160 किमी तक बढ़ाने पर हो रहा काम

वैष्णव ने कहा कि नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली-हावड़ा रेल मार्गों पर इन ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने का काम चल रहा है। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों की सेवाओं के संबंध में 10 सांसदों की ओर से पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। '31 जनवरी 2024 तक 82 वंदे भारत ट्रेन संचालित थीं।'

### रेलवे के 6 मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी

इस बीच, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे की 6 मल्टीट्रैकिंग यानी लाइन क्षमता विस्तार परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में इन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। राजस्थान, असम, तेलंगाना, गुजरात, आंध्र प्रदेश और नागालैंड के 18 जिलों को कवर करने वाली 6 परियोजनाएं हैं, जो भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 1020 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। ये प्रोजेक्ट्स इन राज्यों के लोगों को लगभग 3 करोड़ मानव दिवस का रोजगार प्रदान करेंगी। इनकी कुल अनुमानित लागत 12,343 करोड़ रुपए होगी और केंद्र सरकार 100 प्रतिशत वित्त पोषण करेगी।

**जरूरी खबर**

### उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के घर किया रात्रिभोज



**बेधड़क. जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष आमंत्रण पर मुख्यमंत्री आवास (ओटीएस) पर रात्रिभोज में धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ के साथ शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को राम मंदिर की प्रतिकृति एवं शॉल भी भेंट किया।

### भारत रत्न देने की घोषणा पर पीएम का जताया आभार

**बेधड़क. जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि 1957 में जब जवाहलाल नेहरू ने सामूहिक खेती का प्रस्ताव रखा। इसका चौधरी चरण सिंह ने पुरजोर विरोध किया। वे गैर कांग्रेसवाद के प्रमुख प्रवर्तकों में से रहे। कांग्रेस ने इन विभूतियों को भारत रत्न से वंचित रखा, लेकिन भाजपा ने सम्मान दिया। वहीं नागौर दौरे के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करना ऐतिहासिक फैसला माना है।

### आज से पहचान पत्र के साथ नजर आएंगे JDA कार्मिक



**बेधड़क. जयपुर।** जेडीए में सोमवार से कर्मचारी पहचान पत्र के साथ नजर आएंगे। बाहरी लोगों को पहचानने को लेकर यह बड़ा कदम उठाया गया है। जेडीए कार्मिकों को आईडी कार्ड के साथ ही आना होगा। संविदा कार्मिकों को भी आईडी कार्ड साथ रखना होगा। संबंधित एजेंसी इन कार्मिकों को आईडी कार्ड जारी करेगी। जेडीए सचिव ने इस बारे में आदेश जारी किए। जेडीए में अक्सर अवांछनीय लोगों का जमावड़ा रहता है। ये अक्सर फाइलें या महत्वपूर्ण दस्तावेज लाते ले जाते हैं। कार्मिकों की तरह जेडीए कार्यालय में मौजूद रहते है। जेडीए सचिव के इस आदेश के अनुसार सभी कार्मिकों को समय पर जेडीए आना होगा। उपायुक्त कार्मिकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की रिपोर्ट जेडीसी को भेजेंगे। बता दें कि पिछले दिनों मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अचानक निरीक्षण किया था। इसके बाद अब यह एक्शन लिया गया है।

---

**विधानसभा अध्यक्ष ने नागपुर में सिंधी सम्मेलन को किया संबोधित, संस्कृति के संरक्षण का आह्वान**

# राष्ट्र के विकास में सिंधी समाज निभाएं भागीदारी: देवनानी

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है।

देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बात कही।

आयोजन में मौजूद समाज लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने सिंधी भाषा और संस्कृति के संरक्षण और विकास का आह्वान किया। देवनानी ने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा। हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। सिंधी एक प्राचीन और मधुर भाषा है। उन्होंने सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है।

यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं। सिंधी समाज द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए देवनानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### डॉ. अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी नागपुर में दौरे के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के दीक्षा स्थल पर भी पहुंचे। उन्होंने यहां डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर सुखद अनुभूति हुई है, साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर हमारे प्रेरणा स्रोत हैं।

### डॉ. हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार स्मृति स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे दीक्षा भूमि भी गए और हेडगेवार की जन्मस्थली पर पहुंचकर पवित्र स्थल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय हैं। उनके त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को उदयपुर पहुंचेंगे, जहां वे प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

---

**केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री और सीएम शर्मा का उदयपुर दौरा आज**

# गडकरी राजस्थान को देंगे 2,500 करोड़ की योजनाएं

■ 17 सड़क परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश को सोमवार को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को मेवाड़ दौरे पर रहेंगे। गडकरी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

उदयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में नितिन गडकरी राजस्थान की 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री गडकरी के दौरे को लेकर उदयपुर शासन प्रशासन विभाग की ओर तैयारियां जोरों पर है। जानकारी के अनुसार इन परियोजनाओं पर करीब 2500 करोड़ रुपए से अधिक लागत है। गडकरी दोपहर 12:30 बजे उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट के पास रूपी रिजॉर्ट मैदान में 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत करेंगे।

### इन कार्यों का होगा शिलान्यास

वहीं, समारोह में 235 करोड रुपए की लागत से 26 किमी लंबी गागरिया-मुनाबाव खंड का 2-लेन पेव्ड शोल्डर निर्माण, 363 करोड़ रुपए की लागत से 6 किमी लंबे सांचौर शहर में एलिवेटेड राजमार्ग निर्माण, 20 करोड़ रुपए की लागत से 18 किमी साकरोदा-मेनार सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, 13 करोड़ रुपए की लागत से 11 किमी लंबे बालूखल से अमलावाडा-अली-मौखमपुरा सड़क चौड़ाईकरण कार्य, 17 करोड़ रुपए की लागत से 13 किमी लंबे घणोली-देलवाड़ा सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य और 329 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले चेनपुरा फाटक, झिलाई फाटक (टोंक), रीको फाटक (भरतपुर), हिण्डौन फाटक, हरसोली फाटक, डबल फाटक (अलवर), सांचौर फाटक (सांचौर) पर सेतुबंधन परियोजना के अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग पर 7 पुलों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा।



### कार्यक्रम में केंद्र और राज्य के कई मंत्री होंगे शामिल

कार्यक्रम में सड़क परिवहन के केंद्रीय राज्यमंत्री सेवानिवृत जनरल वीके सिंह, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, राज्यमंत्री गौतम कुमार व संजय कुमार, सांसद अर्जुनलाल मीणा, सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, दुष्यंत सिंह, रंजीता कोली, सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सुभाष चन्द्र बहेड़िया व देवजी पटेल, विधायक उदयलाल डांगी, राम सहाय वर्मा, डॉ. सुभाष गर्ग, दीपचंद खैरिया, रतन देवासी, प्रताप सिंह सिंघवी, पुष्कर लाल डांगी, जीवाराम चौधरी, चंद्रभान सिंह चौहान, अर्जुनलाल जीनगर, दीप्ति किरण माहेश्वरी, रमेश खींची, हरी सिंह रावत, शंकर सिंह रावत, जब्बर सिंह सांखला, डॉ. प्रियंका चौधरी, रविन्द्र सिंह भाटी व उदयलाल भडाणा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

### इन योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

- इन योजनाओं का होगा लोकार्पण
- चित्तौड़गढ़-उदयपुर खंड के सिक्स लेन का निर्माण
- आसींद-मांडल खंड का 2 लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण
- ब्यावर-आसींद खंड का दो लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण
- ब्यावर-गोमती खंड बाघाना से मादा की बस्सी 4 लेन का निर्माण
- भंवरासिया से मोडी-कुराबड़ सड़क एमडीआर-150 का चौड़ीकरण

---

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

# ग्राम परिक्रमा यात्रा से किसानों को साधेगी भाजपा

■ प्रदेश के 15 हजार गांव-वार्डों में जाएगी यात्रा




**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव से पहले किसानों को साधने के लिए अब भाजपा "ग्राम परिक्रमा यात्रा' शुरू करने जा रही है। इस देशव्यापी मुहिम का आगाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर जिले से करेंगे। एक महीने में प्रदेश के करीब 15 हजार गांव-वार्डों में यह यात्रा जाएगी।

राजस्थान में इस यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा को जिम्मा दिया गया है, जिसके तहत किसान मोर्चा ने प्रदेश और जिला स्तर पर कमेटियों का गठन कर दिया है। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है। रामनरेश तिवारी ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी को प्रदेश समिति का संयोजक बनाया गया है, जबकि महामंत्री ओपी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी व गणपत सिंह राठौड़ को सदस्य बनाया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश ढाका और सोशल मीडिया प्रभारी गुरजंट सिंह धालीवाल को भी समिति में शामिल किया गया है।

### गाय, हल, ट्रैक्टर की पूजा

रामनरेश तिवारी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के शुक्रताल गांव से यात्रा का आगाज करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान के संगठनात्मक 44 जिलों से भी इस यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जहां गाय, हल, ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों की पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस यात्रा में ग्रामीणों और किसानों से चर्चा कर लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र के लिए सुझाव भी लिए जाएंगे।

---

### मिश्र से केंद्रीय मंत्री नाईक की मुलाकात



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में रविवार को केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल मिश्र से उनकी कुशलक्षेम पूछी। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।*

---

**राज्य सरकार ने जारी किए आदेश, पांच को अतिरिक्त कार्यभार**

# 6 IFS के तबादले, 2 विशिष्ट सहायक बदले

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार ने रविवार को एक आदेश जारी कर भारतीय वन सेवा के 6 अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं 5 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इसके अलावा दो मंत्रियों के विशिष्ट सहायक भी बदले हैं।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार आईएफएस पवन कुमार उपाध्याय को प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक लगाया गया है। राजेश कुमार गुप्ता को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, बीजो जॉय को वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, संग्राम सिंह कटियार को उप वन संरक्षक जयपुर विकास प्राधिकरण, देवेंद्र प्रताप जागावत को उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर और कस्तूरी प्रशांत सूले को उपवन संरक्षक सिरोही के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा आईएफएस अरिजीत बनर्जी, शिखा मेहरा, के.सी.ए. अरुण प्रसाद, राम करन खेरवा और सुनील को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।



### इन मंत्रियों के विशिष्ट सहायक बदले

वहीं डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा और बाबू लाल खराड़ी के विशिष्ट सहायक आपस में बदले गए हैं। आरएएस अधिकारी राजेंद्र सिंह राठौड़ अब मंत्री बाबू खराड़ी के विशिष्ट सहायक होंगे। वहीं भगवती सिंह राठौड़ डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा के विशिष्ट सहायक होंगे। 9 फरवरी को जारी हुई तबादला सूची में राजेंद्र राठौड़ प्रेम चंद्र बैरवा और भगवती सिंह राठौड़बाबू लाल खराड़ी के विशिष्ट सहायक नियुक्त किए थे।

---

**वनमंत्री ने सुनी 500 लोगों की समस्याएं**

# परिवेदना निस्तारण के बाद फरियादी को भी भेजें इसकी सूचना: शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अंबेडकर नगर में जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान करीब 500 परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा ने कहा कि अधिकारी आमजन के कार्यों को गंभीरतापूर्वक लें। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण के बाद संबंधित व्यक्ति को परिवेदना के निस्तारण की सूचना भी दी जाए। यदि परिवेदना उच्च स्तर पर निस्तारित होनी है तो इसकी सूचना भी फरियादी को दी जाए। उन्होंने कहा कि निस्तारित की हुई किसी भी परिवेदना के फरियादियों से निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जा सकता है।

साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में मंत्री शर्मा के समक्ष जिलेभर से आए करीब 500 फरियादियों ने अपनी परिवेदना रखी। इसमें मुख्य रूप से ग्राम लीली से लक्ष्मणगढ़ तक डामर सड़क निर्माण करवाने, ग्राम पंचायत बखतपुरा में 33 केवी



विद्युत लाइन को शिफ्ट कराने, ग्राम भूगोर में कंकरीट सड़क निर्माण करवाने, कोटपूतली-बहरोड के ग्राम काठूवास में अवैध रूप से संचालित पत्थर कटाई मशीन को बंद करवाने, बानसूर के गांव भूरियाबास के ग्रामीणों द्वारा नाका हमीरपुर में अवैध खनन व अतिक्रमण रोकथाम के लिए परिवेदना प्रस्तुत की गई।

इस पर वन मंत्री शर्मा ने मौके पर डीएफओ को भेजकर खनन प्रभावित क्षेत्र के आवागमन के रास्तों पर खाई खुदवाई। इसी प्रकार अलवर शहर के वार्ड नं. 21 में पेयजल लाइन डलवाने, दो नई बोरिंग करवाने व विद्युत लाइन को बदलवाने, विवेकानंद नगर के सैक्टर-4 में सीवरेज लाइन डलवाने, वार्ड नं. 43 में तीन नई सड़क बनवाने, वार्ड-15 में पानी की सप्लाई लाइन डलवाने, सी ब्लॉक हसन खां मेवात समिति की ओर से पेयजल समस्या, अम्बेडकर नगर में एक वर्ष से पानी सप्लाई नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकर की मांग फरियादियों की ओर से की गई। इस पर मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### सात दिन में निस्तारण के निर्देश

वनमंत्री शर्मा ने यूआईटी के उप सचिव को निर्देश दिए कि यूआईटी से संबंधित आई परिवेदनाओं को सात दिन में निस्तारित करें। जनसुनवाई के दौरान जाटव महासभा शाखा अलवर की ओर से छात्रावास के लिए यूआईटी से भूमि आवंटित कराने की मांग की गई। वहीं जिले के देवती-रामसागर बांध को ईआरसीपी की डीपीआर में जुड़वाने के लिए 13 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने वनमंत्री शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर पौधारोपण

वन एवं पर्यावरण मंत्री शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 51 पौधे लगाए एवं श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत और अन्त्योदय की परिकल्पना विश्व को दी है। उनके विचारों को आगे बढाते हुए केन्द्र सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को राहत प्रदान करने का कार्य कर रही है।

## जरूरी खबर

### विश्वनाथ मंदिर, कृष्ण जन्म स्थान पर चर्चा करेंगे संत



**जयपुर।** जयपुर में 18 फरवरी को देश और विदेश के संतों का बड़ा सम्मेलन होगा। जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिला ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे होने वाले इस सम्मेलन में गोरक्षा, गोसेवा के अलावा काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्म स्थान मंदिर पर भी चर्चा की जाएगी।श्री पंचखण्ड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेन्द्र महाराज ने बताया- संत सम्मेलन का उद्देश्य विश्व के सभी सनस्तनियों को एकजुटता के साथ अपनी विरासत, परम्पराओं और संस्कृति की रक्षा करते हुए सनातन का व्यापक प्रचार प्रसार करना है। सम्मेलन के बाद 19 से 24 फरवरी तक के सभी कार्यक्रम श्री पंचखण्ड पीठ पावन धाम आश्रम विराटनगर मे होंगे।

### रामनिवास बने RPS एसोसिएशन अध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सेवा परिषद (आरपीएस एसोसिएशन) की कार्यकारिणी के राजस्थान पुलिस अकादमी में रविवार को हुए चुनाव में प्रमोटी अधिकारियों ने बाजी मारी। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामनिवास विश्नोई ने जीत दर्ज की। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुंद बिहारी को 105 वोटों से हराया। दरअसल अधिकतर समय अध्यक्ष निर्विरोध चुना जाता है। इस बार एक राय नहीं बनी तो चुनाव कराने पड़े। अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष के लिए भी चुनाव कराने पड़े। अन्य सभी पदों पर निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल शेखावत, उज्ज्वल शर्मा, सीमा हिंगोनिया, महासचिव शिल्पा चौधरी, संयुक्त सचिव शिवकुमार भारद्वाज, संजय आर्य, कोषाध्यक्ष मुकेश चौधरी, सहायक कोषाध्यक्ष पिंटु कुमार चुने गए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के प्लेटिनम जुबली समारोह पर मैराथन

# गरीब आर्थिक वजह से न रहे न्याय से वंचित: CJ श्रीवास्तव

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत रविवार की सुबह 'रन फोर लीगल एड' स्मॉल डिस्टेंस मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

मैराथन का आगाज मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बैलून उड़ाकर व हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि 'रन फोर लीगल एड' के आयोजन का उद्देश्य यह है कि गरीब वर्ग किसी भी आर्थिक व सामाजिक वजह से न्याय से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ये संदेश देना चाहते हैं कि आम जनता तक विधिक सेवा पहुंचाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध व संकल्पित हैं।

हम समाज के हर व्यक्ति तक विधिक जागरूकता पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दिव्यांगजन तक भी विधिक संबंधी सभी जानकारियां व सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी हम पूर्ण रूप से प्रयासरत हैं।



### सीपीआर का दिया लाइव प्रशिक्षण

इस दौरान डॉ. रक्षा व्यास द्वारा सीपीआर का लाइव प्रशिक्षण देकर सभी को जागरूक किया गया। मैराथन के विजेता प्रथम अमन बिश्नोई, द्वितीय निमन्यु प्रशांत भारद्वाज, तृतीय नत्थूराम रहे।

### मैराथन समारोह ये रहे मौजूद

इस अवसर पर न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधीश दिनेश मेहता, न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास, न्यायाधीश अरुण मोंगा, न्यायाधीश फरजंद अली, न्यायाधीश कुलदीप माथुर, न्यायाधीश रेखा बोराणा, न्यायाधीश नुपुर भाटी, न्यायाधीश योगेंद्र कुमार पुरोहित, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री की अधिकारी सहित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य न्यायिक अकादमी के अधिकारीगण व कर्मचारीगण, लॉयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आनंद पुरोहित, एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रत्ना राम ठोलिया, वरिष्ठ अधिवक्ता व समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## एसीबी की कार्रवाई में दोहरे मानदंड के संबंध में उठ रहे सवाल...

# आय से 1000 गुना संपत्ति पर क्लीन चिट... अन्य केस में एक्शन

**ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क**

**जयपुर।** भ्रष्टों पर नकेल कसने के लिए भले ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने फिर से शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, अलबत्ता, सवाल उठ रहा है कि कुछ केस में एसीबी के अधिकारी दोहरा मापदंड अपना रहे हैं। दरअसल, आय से 1000 फीसदी से ज्यादा संपत्तियां मिलने के बाद भी आरोपियों को क्लीनचिट दे रहे हैं, तो वहीं किसी की कार में 2.19 लाख रुपए मिले तो एसीबी ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया। ऐसे में एसीबी की निष्पक्षता के साथ ही जांच पर सवाल उठने लगे हैं।

हाल ही में गंगानगर पदमपुर नगर पालिका मे कार्यरत अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) जितेन्द्र कुमार मीणा के खिलाफ एसीबी ने भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि जितेन्द्र मीणा कार से सीकर अपने घर पर आ रहे थे। एसीबी की रसीदपुरा टोल पर जितेन्द्र मीणा की कार को रोककर तलाशी ली तो कार में 2.19 लाख रुपए मिले। राशि के बारे में एसीबी ने मीणा से पूछताछ की तो उसने यह राशि नगर पालिका के लीडिंग फायरमैन विकास बिश्नोई द्वारा देने की बात कही। मीणा ने कहा कि उसने यह राशि विकास को उधार दी थी और उसने वापस लौटा दी। एसीबी के अधिकारियों ने विकास से संपर्क किया तो उसने जितेन्द्र मीणा के साथ लेन-देन से इनकार कर दिया। जाहिर है, एसीबी ने केस दर्ज कर लिया। उधर, एसीबी को सर्च में जेडीए के पूर्व एक्सईएन निर्मल गोयल के ठिकानों पर एसीबी को आय से 1400 गुना ज्यादा संपत्तियां मिली थीं, लेकिन उसे क्लीनचिट दे दी गई। इस पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद कानूनन जो उचित था, वही किया गया।




### आय से 1450 प्रतिशत ज्यादा खर्च

तीन साल पहले जेडीए के पूर्व एक्सईएन निर्मल गोयल के आवास और ऑफिस में एसीबी ने सर्च किया था। निर्मल गोयल ने अपनी सर्विस के दौरान खर्च व सम्पतियों पर लगभग 6 करोड़ का निवेश किया है। यह रकम उनकी वैध इनकम से लगभग 1450 प्रतिशत अधिक है। घर पर विदेशी व महंगी शराब की 23 बोतलें, 2000 डॉलर व 245 यूरी की विदेशी मुद्रा, नकद 2 लाख 27 हजार 790 रुपए, दो लग्जरी कार मिलीं। साथ ही, 1100 गज के 2 प्लॉट्स जयपुर के सुमेर नगर में होने की जानकारी मिली है। इन पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा डीग में एक हवेली के कागज, दो लॉकर की चाबी, 318 ग्राम सोना, 3.5 किलोग्राम चांदी तथा अन्य प्रॉपर्टी के कागजात मिले थे।

### दो अन्य ठिकानों पर लग्जरी गाड़ियां, ज्वेलरी मिली

एसीबी की दूसरी टीम ने निर्मल गोयल के रजत पथ मानसरोवर जयपुर स्थित आवास पर तलाशी ली। यहां एक लग्जरी कार, 1.60 लाख नकद, 323.8 ग्राम सोना व 4.4 किलोग्राम चांदी, फार्म हाउस से एक मर्सिडीज कार, एक बोलेरो कैम्पर, भव्य फार्म हाउस, सुख सुविधाओं युक्त मय लग्जरी आवास, विदेशी शराब की खाली बोतलें व महंगे पेड़-पौधे मिले। वहीं, चौथी टीम को जेडीए जयपुर ऑफिस से हिसाब-किताब की डायरियां मिली थी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि कार्यक्रम

# महापौर ने लाभार्थियों को सौंपे पीएम स्व निधि योजना के चेक



**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पीएम स्वनिधि योजना के चार लाभार्थियों को चेक सौंपे।

महापौर ने दो लाभार्थियों को 20-20 हजार एवं अन्य को 10-10 हजार के चैक प्रदान किए। इससे पूर्व महापौर ने मुख्यालय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्टेचू पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर के पार्षद एवं समिति अध्यक्ष उपस्थित रहे। महापौर ने कार्यक्रम में कहा कि अंत्योदय अर्थात अंतिम पिछड़े व्यक्ति का विकास होगा तभी 2047 तक हम विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे।

## व्याख्यान माला की तैयारी के लिए विशेष बैठक

# गिरी महाराज बताएंगे 'जीवन प्रबंधन'

**बेधड़क | जयपुर**

गोविंद देव गिरी महाराज जयपुर में तीन दिन व्याख्यान देंगे। इस दौरान वे जीवन प्रबंधन के गुर बताएंगे। गोविंद गिरी महाराज 18 फरवरी को जयपुर आएंगे। इस व्याख्यान माला की तैयारी को लेकर संयोजन कमेटी की विशेष बैठक रविवार को हुई।



इसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को ले कर चर्चा की गई। आयोजन समिति के संयोजक संदीप जावर एवं आयोजन समिति में भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ एवं सनराइज ग्रुप के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए सुरक्षा, प्रशासन एवं राजनीतिक गतिविधियों की जिम्मेदारी अरुण खटोड़ एवं त्रिलोक खंडेलवाल को एवं मीडिया प्रबंधन एवं सोशल मीडिया प्रबंधन का दायित्व अतुल गुप्ता, अनुपम जौली एवं हिमानी जौली को दिया गया। व्यवस्थाएं सुचारू करने का दायित्व संदीप झंवर को सौंपा गया।

## सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में सामूहिक पाठ

# चालीसा करती है नकारात्मकता का नाश

**बेधड़क | जयपुर**

सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में पुजारी परिवार और श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति जयपुर की ओर से पण्डित पार्किंग में श्री हनुमान चालीसा का विशेष सामूहिक पाठ किया गया।

संगीतमय सुंदरकांड में श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति जयपुर के संरक्षक अमरनाथ महाराज के प्रवचन भी हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा के पाठ करने से जीवन में फैली नकारात्मकता दूर होती है। हनुमान रामजानकी के सबसे प्रिय थे। इसलिए किसी भी देवता की भक्ति से पहले रामभक्त हनुमान की आराधना जरूर करनी चाहिए। इसका शुद्ध पाठ करने वाला व्यक्ति बन्धन मुक्त हो जाता है। अमरनाथ महाराज ने कहा कि श्री हनुमान चालीसा प्रबन्ध समिति का लक्ष्य पूरे भारत सहित विश्व में हनुमान चालीसा पाठ को घर घर तक, जन जन तक पहुंचाना है, ताकि सनातन धर्म मजबूत हो। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में आचार्य अनुपम जौली, आचार्य हिमानी जोली कमल पुजारी, डॉ. विष्णु पुजारी, श्यामसुंदर मौसूण, प्रो. अतुल गुप्ता, मोनिका गुप्ता, हरिराम रिणवा, जे डी माहेश्वरी, भागचंद कुमावत, कैलाश कुमावत, कपीन्द्र पुजारी, महेश गुप्ता, हंसराज कुमावत, राधेश्याम बैराठी, आशीष गौतम, लोकेश कुमावत, सुभाष अग्रवाल, मुकेश कुमावत , सुरेंद्र कुमावत, कैलाशचंद देवतवाल, दिनेश मित्तल, त्रिलोक खंडेलवाल, विवेक लड्डा, रामावतार छिपा, आदि लोगों का खास योगदान रहा।



## अनूठा सोशल मीडिया कैंपेंन

# मनाओ सेफ वेलेंटाइन, क्योंकि साथ है राजस्थान पुलिस की हेल्पलाइन

**बेधड़क | जयपुर**

अगर आप वेलेंटाइन डे पर प्रेमी जोड़ों के साथ होने वाली बदतमीजी के चलते 14 फरवरी को लेकर चिंतित हैं तो अपने मन से ठस डर को निकाल दीजिए। राजस्थान पुलिस ने ऐसी किसी भी हरकत पर कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इन नंबरों पर कॉल करते ही तुरंत सहायता मिल जाएगी। पुलिस ने सोशल मीडिया पर यह अभियान चलाया है, जिसे हेल्पलाइन वाला वेलेंटाइन नाम दिया गया है। वेलेंटाइन वीक को प्रेम से ना जोड़ते हुए पुलिस की ओर से लोगों को हेल्पलाइन नम्बरों के प्रति जागरूक किया गया है। इसमें बताया गया है कि महिलाएं हो या बच्चे, साइबर क्राइम पीड़ित हो या भ्रष्टाचार पीड़ित अलग अलग लोगों को हेल्पलाइन नम्बर बताए गए हैं।

गौरतलब है कि राजस्थान पुलिस एक तरफ जहां फील्ड में एक्टिव मोड में नजर आ रही है। बदमाशों पर लगातार कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया के जरिए आम लोगों को जागरूक करने के लिए भी नित नए प्रयास कर रही है। वेलेंटाइन वीक के मौके पर राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया के जरिए ऐसा ही एक अनोखा प्रयास किया गया है।







### शायरी का अनोखा अंदाज

वेलेंटाइन वीक के मौके पर शुरू किए गए इस कैम्पेन के पहले दिन यानी रोज डे पर मनचलों को शायराना अंदाज में हिदायत दी गई थी। इसके मुताबिक रोज डे के मौके पर जबरन किसी की गुलाब देने पर पुलिस सबक सिखाने के लिए तैयार है, यदि कोई ऐसी हरकत करे तो हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत की जा सकती है। इस संदेश को बड़े ही रोचक तरीके से बताया गया है-

**हमसे गलती हुई जो**

**उसे जबरन गुलाब ए गुल दे दिया**

**उसने हेल्पलाइन 1090 पर फोन किया**

**और हमें सबक सिखा दिया**

इसी तरह दूसरी पोस्ट में साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए सावचेत किया गया है। इसमें साइबर हेल्पलाइन 1930 का जिक्र करते हुए शायरी लिखी गई है कि-

**उसने किया Propose**

**और Password-OTP ले लिया**

**पल भर में वफा के नाम पर**

**बैंक का खाता खाली कर दिया**

### फिल्मी संवाद भी किए शामिल

राजस्थान पुलिस के रचनात्मक प्रयोग यहीं नहीं रूके। इसके बाद बनाई गई पोस्ट में फिल्म ओम शांति ओम के संवाद एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू तो बदलकर लिखा गया है कि- चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की Importance तुम क्या जानो Teddy Babu.

**बच्चों की मददगार होती है**

**मासूमों की सजग पहरेदार होती है**

**बच्चों के गुनहगारों पर करारा वार होती है 1098**

### सोशल मीडिया पर छा रहा है कैंपेन

राजस्थान पुलिस की सोशल मीडिया टीम पिछले कुछ समय से काफी सक्रिय नजर आ रही है। करीब दो साल से अधिक समय से राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर बड़े रोचक तरीके से इस तरह की मुहिम चलाई गई हैं। इसमें फिल्मी गानों, शायरी, पंचलाइन, संवादों आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी तरह की एक और मुहिम वेलेंटाइन डे को लेकर शुरू की गई है। इस तरह के रोचकता पूर्ण संदेश से आमजन को बातें सहजता से समझ आती हैं। इससे पूर्व भी होली, न्यू ईयर, फ्रेंडशिप डे जैसे अलग अलग मौकों पर पुलिस की ओर से ऐसे प्रयोग किए गए हैं जो सफल भी रहे हैं।

## जरूरी खबर

### बस ने फुफेरे भाई समेत फौजी को कुचला, मौत



नरेश योगी | किशन लाल

**अलवर**। मैरिज एनिवर्सरी मनाने घर आए सेना के जवान को लोक परिवहन की बस ने कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार फौजी के साथ उसके फूफेरे भाई की भी मौत हो गई। सेना का जवान अपनी बहन से मिलकर लौट रहा था। हादसा बगड़ तिराहा थाना इलाके के बांबोली मोड़ पर शनिवार देर शाम हुआ। तिजारा फाटक भगवानपुर कॉलोनी निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया मेरा भाई नरेश कुमार योगी (23) पुत्र रामस्वरूप और बुआ का बेटा किशन लाल (30) पुत्र सिम्भुराम को लोक परिवहन की बस ने कुचल दिया। दोनों शनिवार की सुबह करीब 10 बजे बहन सुशीला से मिलने के लिए लक्ष्मणगढ़ गए थे। शाम 6 बजे वापस लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया।

### शेखावाटी को जल्द मिल सकता है यमुना का पानी

**सीकर**। जिले को जल्द ही यमुना का पानी मिल सकता है। केंद्र सरकार इसके लिए जल्द ही मंजूरी दे सकती है। इस बात की जानकारी रविवार को राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने दी। तिवाड़ी सीकर में सुजला शेखावाटी समिति की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में शिरकत करने पहुंचे। मीडिया से बातचीत में तिवाड़ी ने कहा कि क्षेत्र में जल की समस्या को दूर करने के लिए सीकर की सुजला शेखावाटी समिति ने जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री भजनलाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम का ज्ञापन मुझे दिया था। इस संबंध में दिल्ली में बैठक भी हुई। उन्होंने कहा कि यमुना का पानी शेखावाटी को मिले इसके लिए प्रयास जारी है।

### पूर्व MLA रतीराम यादव का निधन, अंतयेष्टि आज



**अलवर**। तिजारा के पूर्व विधायक रतीराम यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। पूर्व विधायक ने रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे अंतिम सांस ली। फिलहाल उनका परिवार अलवर शहर के परिवहन नगर सूर्य नगर में 139 नंबर मकान में रहता है। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे घर से शव यात्रा निकलेगी। उनको अंतिम विदाई देने स्थानीय लोगों के अलावा कई गणमान्य लोग पहुंचेंगे।

## श्रीश्याम मंदिर चरणधाम के पाटोत्सव पर निकाली शोभायात्रा में दिखा उत्सवी माहौल

# श्रद्धालुओं के हाथों में श्याम ध्वजा और मुख पर बाबा का नाम

**बेधड़क** | दौसा

शहर में श्रीश्याम मंदिर चरण धाम के 23वें पाटोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मंगल कलश एवं रामायण शोभायात्रा निकाली गई। इसमें केसरिया परिधान में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल हुईं।

नगर परिषद सभापति ममता चौधरी, मानगंज व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौधरी व मुख्य यजमान मदनलाल मुरारीलाल बेवाल पापड़दा वालों ने पूजन कर शोभायात्रा को सहजनाथ महादेव मंदिर से रवाना किया। इस दौरान श्याम बाबा के जयकारों से माहौल गूंज उठा। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते-नाचते साथ चल रहे थे। शोभायात्रा गुप्तेश्वर सर्किल, शिव सर्किल, लालसोट रोड, रामकरण जोशी स्कूल, गणेश मंदिर, नया कटला, मानगंज, नई मंडी रोड होते हुए श्याम मंदिर पहुंची।

इस बीच जगह-जगह लोग शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर के साथ स्वागत किया गया। वहीं कई जगहों पर लोगों ने श्याम बाबा की आरती भी उतारी। शोभायात्रा के साथ रथ में सवार श्याम प्रभु के दर्शन करने के लिए भी लोगों में होड़ मची रही।

■ महिलाएं मंगल कलश व पुरुष रामायण लेकर चले साथ



### श्याम प्रभु की शोभायात्रा में गूंजे श्रीराम के जयकारे

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु एक तरफ जहां भजनों की धुन पर नाचते चल रहे थे। वहीं रामचरित्र मानस की 108 पोथियां सिर पर धारण कर श्रद्धालु चल रहे थे। इस दौरान श्याम बाबा की शोभायात्रा में श्रीराम के गुणगान का अनूठा नजारा भी लोगों को खूब लुभा रहा था। भक्तों के हाथों में श्याम ध्वज पताकाएं भी लहरा रहीं थीं। साथ ही महिलाएं कलश लेकर मंगल गीत गाती हुईं चल रहीं थीं। यात्रा जहां-जहां से गुजरी वहां का माहौल श्याममच हो उठा। पुष्पवर्षा से सड़कों पर फूलों की चादर बिछी नजर आई। श्याम बाबा के स्वागत में लोगों ने जमकर पुष्पवर्षा की।

### फाल्गुन मेले सा दिखा चरण धाम का नजारा

श्याम मंदिर चरण धाम पर शोभायात्रा पहुंची माहौल फाल्गुन मेले जैसा दिखाई दिया। शोभायात्रा में अजय शर्मा, राजू महरवाल, दीक्षा राठौड़, प्रिंस खंडेलवाल, राजू राठौड़, नीतू खंडेलवाल एवं राजू खंडेलवाल के भजनों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य यजमान सत्यनारायण और पंकज रावत ने कलाकारों का स्वागत किया। पाटोत्सव के दौरान श्याम मंदिर चरण धाम पर आकर्षक सजावट की गई।

## डिप्टी सीएम बैरवा ने कोऑपरेटिव बैंक शाखा के उदघाटन में कहा...

# राजस्थान के विकास में प्रत्येक व्यक्ति को बनना होगा भागीदार

**बेधड़क** | अजमेर

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा रविवार को अजमेर के किशनगढ़ में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की शाखा का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा- भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य राजस्थान में वंचित और पिछड़े वर्ग को भी योजनाओं के माध्यम से मुख्यधारा में लाना है।

निकटवर्ती गांव अराई में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की शाखा का उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और विशिष्ट अतिथि नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा थे।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि राजस्थान के विकास में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को भागीदार बनना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को पूरा करने में लोगों की भागीदारी जरूरी है, तभी राजस्थान का विकास हो पाएगा। विकसित भारत योजनाओं के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। भाजपा सरकार हर वर्ग को मुख्यधारा में लाने का काम करेगी। इसके लिए सभी को प्रयत्नशील होना होगा। इसमें आम जनता का सहयोग जरूरी है। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार मिलकर राजस्थान के विकास में जुट गई है। प्रदेश को चहूंमुखी विकास के रास्ते पर ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आम नागरिक के जीवनस्तर को ऊंचा उठाने के लिए कई योजनाएं चलाई है, जिनका लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की सोच को लेकर योजनाएं लागू कर रहे हैं, जिससे की आगामी वर्षों में भारत को दुनिया की बुलंदी पर ले जाया जा सके।



### किसानों को मिल रहा संबल: रावत

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव के किसानों को संबल मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उदारता से किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब किसानों को 6 हजार की जगह 8 हजार रुपए मिलेंगे। मंत्री रावत ने कहा कि गांव को नहरों से जोड़ने के लिए जो योजना 20 सालों से अटकी हुई थी, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुशंसा पर 20 सप्ताह में लागू हो गई। इसके तहत अजमेर को भी नहर का पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है।

### BJP सरकार में हुआ ग्रामीण क्षेत्र का विकास

कार्यक्रम में विधायक रामस्वरूप लांबा ने कहा कि किसान और गरीब की चिंता केवल भाजपा सरकार को है। गांव का विकास भी भाजपा की सरकार में ही हुआ है। पूर्व में जो जिम्मेदारी पूर्व मंत्री सांवरलाल जाट को मिली थी, वही जिम्मेदारी अब अजमेर के सुरेश सिंह रावत को मिल गई है। वे निश्चित रूप से गांव के विकास में भागीदार बनकर किसानों की मदद के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सीसीबी चेयरमैन मदन गोपाल चौधरी, जिला कलेक्टर भारती दीक्षित, एसपी चुनाराम जाट, उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री पत्रकारों से हुए रू-ब-रू

# व्यक्तित्व और गुणों का सम्मान करने वाली पार्टी है भाजपा



**बेधड़क** | जोधपुर

भारत रत्न सम्मान से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यक्ति और उसके गुणों का सम्मान करने वाली पार्टी है। रविवार को जोधपुर दौरे पर पहुंचे शेखावत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारत रत्न से जुड़े सवाल पर ये बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत को कृषि की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और देश की नई कृषि नीति के निर्माता डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न पुरस्कार देकर प्रधानमंत्री ने भाजपा का अन्नदाता के प्रति जो स्नेह और सम्मान है, उसे प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और पी.वी. नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने अपनी वैचारिक सहृदयता का परिचय दिया है।

पार्टी के गांव चलो अभियान के विषय में उन्होंने कहा कि भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लोगों के साथ संपर्क करने और जो लोग शेष रह गए हैं, उनकी पहचान करने के लिए यह अभियान बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि गांव चलो अभियान में पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे और वहां रहकर लोगों से चर्चा करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे लोहावट विधानसभा क्षेत्र के रिडमलसर गांव में रात्रि प्रवास करेंगे।

## रामदेवरा में शुरू हुआ माघ मेला, भक्तों ने मांगी मनौतियां

# समाधि के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**बेधड़क** | जैसलमेर

लोकदेवता बाबा रामदेव की कर्मभूमि रामदेवरा में रविवार से माघ मेले का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ब्रह्म मुहुर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा रामदेव की समाधि पर अभिषेक और मंगला आरती की गई। इसके बाद भोग आरती में समाधि पर स्वर्ण मुकुट स्थापित किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव की समाधि पर पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बाबा रामदेव समाधि समिति और पुलिस प्रशासन की ओर से माकूल व्यवस्थाएं की गईं। मेले के कारण पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा नजर आया। श्रद्धालुओं की कतारें परिसर के बाहर तक लगी नजर आई। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण बाजारों में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही। बाबा रामदेव के अंतरप्रांतीय भाद्र पद मेले के बाद वर्ष में लगने वाला माघ मेला दूसरा सबसे बड़ा मेला है। इस दौरान यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मेला पूर्णिमा तक चलेगा।



## सांचोर पहुंचे पाली रेंज IG से 'सच बेधड़क' की खास बातचीत

# नशा तस्करों व बाहरी लोगों पर कसेगी नकेल

**बेधड़क** | सांचोर

पाली रेंज के महानिरीक्षक ओमप्रकाश पदस्थापन के बाद पहली बार सांचोर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीएलजी सदस्यों सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से संवाद किया। इसमें लोगों ने जिले में क्राइम को लेकर समस्याएं सामने रखी।

जिला मुख्यालय पहुंचने पर पुलिस के जवानों ने आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।। एसपी सागर राणा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक के दौरान आईजी ने जिले में बढ़ रही चोरी, स्मेक, शराब व ड्रग के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने संवाद के दौरान बताया कि सांचोर के प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कई बाहरी लोग निवास कर रहे हैं, ऐसे में उनका पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाना जरूरी हैं। इसको लेकर आईजी ओमप्रकाश ने कहा कि जिन बाहरी लोगों का वेरिफिकेशन नहीं है उनका वेरिफिकेशन किया जाएगा। इस दौरान एएसपी जस्साराम बोस, डीएसपी मांगीलाल राठौड़, डीएसपी पुष्पेंद्र वर्मा, थानाधिकारी अरुण कुमार, व्यापार संघ के अध्यक्ष हरीश पुरोहित सहित बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य मौजूद रहे। 'सच बेधड़क' से खास बातचीत में आईजी ओमप्रकाश ने कहा की नशा तस्करी, पेपर लीक या अन्य आपराधिक गतिविधियों में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सांचौर का नाम जुड़ता रहा है, लेकिन यहां के लोग काफी अच्छे और जागरूक हैं जो कार्यक्रम चलाकर नशा प्रवृत्ति एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांचौर गुजरात का समीपवर्ती जिला है। यहां पर शराब तस्करी को लंबे समय से संचालित हो रही है, इस पर भी लगाम कसी जाएगी।



## पुलिस ने कई लोगों को लिया हिरासत में

# पैसे का लालच दे करा रहे थे 500 लोगों का धर्मांतरण

**बेधड़क** | भरतपुर

प्रदेश के भरतपुर जिले में धर्मांतरण के मामले को लेकर हंगामा हो गया। जिले की एक मैरिज होम में पैसों का लालच देकर करीब 500 लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था।

इसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को लग गई। इसके बाद विहिप कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम को बीच में रोका। इससे वहां माहौल हंगामेदार हो गया और भगदड़ मच गई।

देखते ही देखते मारपीट होने लगी और लोग होटल छोड़कर भाग गए। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने इस मामले में करीब 5 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पकड़े आरोपियों में सरगना के दो मुख्य लोग शामिल हैं। वहीं कई महिलाओं को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार, भरतपुर शहर के अटल बंद थाना इलाके के एक निजी मैरिज होम में लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। इनमें महिला और युवतियां शामिल थीं। बताया जा रहा है कि ईसाई धर्म के लोगों द्वारा सत्संग के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था।



### विहिप कार्यकर्ताओं व आयोजकों में मारपीट

आयोजन स्थल पर विहिप के कार्यकर्ता और आयोजकों के बीच मारपीट हुई। दोनों तरफ से जमकर लात घुसे चले। मौके पर पहुंची पुलिस ने 5 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं करीब 5 से 7 महिलाओं और युवतियों को भी गिरफ्तार किया है। इनसे पुलिस पूरे मामले को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि ईसाई धर्म के लोग बीमारियों को ठीक करने, घर मे तरक्की व धन वैभव बढ़ाए जाने के नाम पर लोगों को प्रलोभन दिया जाता था।

### राम-कृष्ण की जगह यीशु की प्रार्थना

विहिप के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि धर्म परिर्वतन कराने वाले लोगों से भगवान श्रीराम और कृष्ण की जगह प्रभु यीशु की प्रार्थना कराते हुए ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्हें कसम दिलवाई जाती, जिसके बाद इन परिवार को आर्थिक राशि भी दी जाती थी। फिलहाल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दूसरे धर्म की कुछ किताबें भी लोगों के बैग से जब्त की है। हंगामे की सूचना पर अटल बंद और मथुरा गेट थाना पुलिस सहित भाजपा के जिला अध्यक्ष सहित पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू किया।

## लॉरेंस व गोदारा के गुर्गों से हथियार जब्त

# गैंगस्टर का मर्डर करने आए बदमाशों को दबोचा

**बेधड़क** | सीकर

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर की हत्या करने आए लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर गैंग के दो गुर्गों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (क्राइम) व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ के एएसआई बनवारी लाल को जानकारी मिली कि सीकर जिले में गैंगवार की आशंका है। लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर गैंग के कुछ बदमाश श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर ओमप्रकाश (27) निवासी सामोता की ढाणी श्रीमाधोपुर की हत्या के इरादे से अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं। इस पर खंडेला थाना पुलिस के सहयोग से शनिवार देर रात एक बोलेरो में आ रहे बदमाशो का पुलिस टीम ने पीछा कर घेर लिया। इसके बाद बोदूराम (26) निवासी पनिहारवास व बंटी गुर्जर (23) को दबोच लिया गया। पकड़े गए दोनों बदमाश खंडेला थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।



## एग्जाम की तैयारियों में जुटे स्टूडेंट्स, सही स्ट्रेटजी से स्ट्रेस रहेगा दूर

# बोर्ड परीक्षा में टाइम मैनेजमेंट के साथ करें सफलता हासिल

बेधड़क | जयपुर

बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और सभी बच्चे जोर-शोर से उसकी तैयारी में लगे हुए हैं। छात्र घर रह कर एग्जाम की तैयारी तो अच्छे से कर लेते हैं पर कई बार एग्जाम सेंटर में जाने के बाद वे घबरा जाते हैं। और इस घबराहट की वजह से वे जवाब आते हुए भी उसे ठीक से नहीं लिख पाते हैं या समय से पेपर पूरा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में पेपर छूटने से वे निराश तो होते ही हैं और साथ में उनके मार्क्स भी कम आते हैं। पर घबराइए नहीं, इस प्रॉब्लम को सॉल्व करने में हम आपकी हेल्प करेंगे। इसके लिए आपको पहले से ही अपने क्वेश्चन पेपर के पैटर्न के अनुसार अपना टाइम मैनेजमेंट डिसाइड करना होगा। परीक्षा के पैटर्न और सिलेबस को अच्छे से समझ लें और उसको ही पढ़ें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि किस सब्जेक्ट पर कितना टाइम देना है। यहां इस आर्टिकल में हमनें कुछ ऐसे ही टिप्स दिए हैं जिनसे आप अपने एग्जाम में टाइम से सारे सवाल हल कर पाएंगे। जब हम पहले से ही एक स्ट्रेटजी के साथ एग्जाम देने जाते हैं तो हमें पता होता है कि हमें किस सवाल को कितना समय देना है और रिवीजन के लिए कितना समय निकालना है। इससे हम टाइम से पेपर पूरा कर पाते हैं जिससे अच्छे मार्क्स प्राप्त होते हैं। आईए देखते हैं इन टिप्स को।



**परीक्षा के पैटर्न और सिलेबस को अच्छे से समझ लें और उसको ही पढ़ें**

**● टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई**

टाइम टेबल बनाकर उसे फॉलो करें। सारे सब्जेक्ट्स को टाइम दें और रेस्ट के साथ अच्छी नींद भी लें।

**● मॉक टेस्ट दें**

पढ़ाई करने के साथ साथ मॉक टेस्ट देते रहें इससे आपको परीक्षा में किस सवाल को कितना टाइम देना है इसका पता चल जाएगा।

**● परीक्षा देते समय इन बातों का रखें ध्यान**

शुरू के 15 मिनट का करें बेस्ट यूज - परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले क्वेश्चन पेपर और आंसर शीट दोनों मिल जाते हैं। इस टाइम का अच्छे से इस्तेमाल करें, सबसे पहले आंसर शीट में अपना नाम और रोल नंबर ठीक से लिखें। उसके बाद क्वेश्चन पेपर को पढ़ें।

**● पेपर को पूरी तरह समझें**

सबसे पहले, पेपर को पूरी तरह से पढ़ें और उसे समझें। सही उत्तर देने के लिए सवालों को सही ढंग से समझना बहुत जरुरी है।

**● हर सवाल के लिए निश्चित टाइम डिसाइड करें**

हर सवाल के मार्क्स के अनुसार उसका टाइम डिसाइड करें। इससे आपके पेपर को सही टाइम में पूरा करने में हेल्प होगी।

**● सवाल का उत्तर लिखने से पहले सोचें**

सवालों का उत्तर लिखने से पहले एक आउटलाइन बना लें और सोचें कि आपको कोन से पॉइंट्स लिखने हैं। सोचते समय, पेपर पर नोट्स लिख लें।

**● रिविजन करें**

परीक्षा देने से पहले रिविसन के लिए पहले से टाइम डिसाइड करके रखें। सभी उत्तर लिखने के बाद, अपने उत्तरों को रिवाइज करें और अगर आपने कोई गलती की है तो उसे ठीक कर लें।

**हेल्दी फूड**

छात्रों को हेल्दी फूड खाना चाहिए। खाने में पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा हो। उन्हें हरी सब्जियां, फ्रूट्स खाना चाहिए, जूस पीना चाहिए और जंक फूड नहीं खाना चाहिए। बहुत ज्यादा हैवी खाना भी न खाएं, उससे आलस और नींद आती है।



**● कैसा हो आपका डेली रुटीन**

बोर्ड एग्जाम से पहले स्टूडेंट्स को टाइम का मैनेजमेंट सही तरह से करना होता। ऐसे में आपकी पढ़ाई से लेकर खाना पीना सब सही टाइम पर होना चाहिए और आपको आराम भी करना चाहिए। छात्रों का टाइम मैनेजमेंट जितना अच्छा होगा रिजल्ट भी उतना ही अच्छा आएगा। छात्र अगर इन टिप्स को यूज करते हैं तो उनका कांफिडेंस बढ़ेगा और उससे रिजल्ट भी अच्छा आएगा। परीक्षा के समय टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। सुबह उठकर एक्सरसाइज से लेकर खाना, पढ़ाई, रेस्ट और अच्छी नींद सभी कुछ टाइम से होना चाहिए। पढ़ाई के समय के साथ कोई कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए और छात्रों को ब्रेक ले लेकर पढ़ना चाहिए। एक डायरी में डेली प्लान नोट कर लें और उसे फॉलो करें।

**● पॉजिटिव थिंकिंग**

दिन की शुरुआत पॉजिटिविटी के साथ करनी चाहिए। परीक्षा की तैयारी के दौरान पॉजिटिव एटीट्यूड रखने से दिमाग शांत रहता है और हम जो भी पढ़ते हैं वो याद हो जाता है।

**● पढ़ाई के बीच में ब्रेक लें**

बहुत लंबे समय तक बैठकर पढ़ना नहीं चाहिए, बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। बहुत देर तक बैठ के पढ़ने से कुछ समय बाद कंसंट्रेशन कम हो जाता है, जिससे पढ़ाई उतनी इफेक्टिव नहीं हो पाती है। इसलिए ब्रेक ले ले कर पढ़ाई करें। यह छात्रों की मेंटल हेल्थ को भी सही रखता है।

**● अच्छी नींद लेना**

परीक्षा के समय अच्छी नींद लेना बहुत महत्वपूर्ण है। यह आपकी मेंटल हेल्थ को सुधारती है और टेंशन को कम करती है। अच्छी नींद से आपकी याददाश्त मजबूत होती है, जो परीक्षा के दिन आपके लिए फायदेमंद होती है। कम नींद से ध्यान भटकता है और परीक्षा में कन्फ्यूजन हो सकता है।

**● परीक्षा के दिन समय से पहुंचे सेंटर**

परीक्षा वाले दिन आपको टाइम से पहले अपने सेंटर पहुंच जाना चाहिए। इससे स्ट्रेस कम होता है और आप शांति से परीक्षा दे पाते हैं।

## Yuva स्टोरीज




### निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 160 मरीजों की जांच व उपचार

**जयपुर।** एकात्मता फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को एसएमएस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग शर्मा की ओर से चिकित्सा शिविर में 160 लोगों को निशुल्क परामर्श दिया गया। जिसमें बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। शिविर सोढ़ाला नंद पुरी के गुरुद्वारा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। शिविर में मरीजों की जांच कर उपचार के लिए परामर्श दिया गया। मरीजों की जांच की गई। इस दौरान संस्था के निदेशक दीपक कुमार,प्रिया शर्मा,अमित गौतम,और कमलजीत सिंह,हरजीत सिंह,कुलदीप कौर,ओंमकार सिंह,अवतार सिंह,राकेश,विकाश, संदीप,लोकेश,सुमन,सुमनेश मोंगा, करतार,निशा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### युवाओं को सौगात: कनिष्ठ सहायक के 3,552 पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कनिष्ठ सहायक के 3 हजार 552 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। इससे युवाओं को रोजगार के उचित अवसर मिल सकेंगे और उनका भविष्य सुरक्षित होगा। इन पदों में गैर अनुसूचित क्षेत्र के 2 हजार 788 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 764 पद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी, जिसकी क्रियान्विति पर राज्य सरकार ने काम भी शुरू कर दिया है। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं। साथ ही, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाले अकारण विलम्ब को समाप्त करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वार्षिक भर्ती कलेण्डर जारी करने का भी फैसला लिया गया है।

### महिलाओं और बच्चों ने दिखाया टैलेंट

**जयपुर।** गांधी पथ वेस्ट वैशाली नगर स्थित मीनू का गुरुकुल नामक ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट सेंटर में बच्चों एवं महिलाओं के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग वर्ष के बच्चों, महिलाओं और युवक व युवतियों ने भाग लिया और डिफरेंट एक्टिविटीज के जरिए अपने टैलेंट को शोकेस किया। सेंटर ऑनर शिल्पा मिश्रा ने बताया कि यह होलिस्टिक ट्रेनिंग और डेवलपमेंट के लिए एक बहुत ही अच्छा विकल्प है। इस सेंटर पर अलग अलग समय पर कैंप और सेमिनार के माध्यम से सभी को डांस, जुंबा, एरोबिक्स, योगा, ऐबेकस, चेस, हैंडराइटिंग, पब्लिक स्पीकिंग जैसी बहुत सी चीजें सीखने को मिलती हैं। इस तरीके की एक्टिविटी के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी कौशल क्षमता का विकास होता है। इस सेंटर और यहां आयोजित होने वाली एक्टिविटीज का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना और आज के तेजी से बदलते समय में बच्चों को ट्रांसफॉर्म एक्स्ट्रा एजुकेशन प्रदान करना है। इस दौरान बच्चों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित भी किया गया।

## कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती परीक्षा

# 5388 पदों पर भर्ती के लिए एक लाख 64 हजार अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रविवार को कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन हुआ। 5388 पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा को दो पारियों में आयोजित कराया गया।

परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर के 370 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह 10 से दोपहर 12:30 तक हुए पहले पेपर में 96 हजार 669 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 67 हजार 705 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे।

वहीं, दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक हुए दूसरे पेपर में 96 हजार 669 परीक्षार्थियों में से 67 हजार 380 अभ्यर्थियों ने अपना भाग्य आजमाया। परीक्षा में कुल 69.86 फीसदी उपस्थिति रही।



### जयपुर शहर में 142 परीक्षा केन्द्र

जयपुर। वहीं, इस भर्ती परीक्षा को लेकर अकेले जयपुर शहर में 142 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। यहां पहली पारी में करीब 71।43 फीसदी से अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जयपुर में पहली पारी में 47 हजार 350 अभ्यर्थियों में से 33 हजार 824 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पारी में 71।14 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दूसरी पारी में भी 47350 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, इनमें से 33 हजार 684 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा में इसी तरह की अनियमितता न हो इसको लेकर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित खुद कुछ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का आभार भी जताया है।

### परीक्षा केंद्रों पर उचित सुरक्षा

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कनिष्ठ लेखाकार के 5190 और तहसील राजस्व लेखाकार के 198 पदों पर भर्ती परीक्षा आयोजित कराई गई। इस संबंध में बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि परीक्षा में किसी तरह की अनियमितता न हो, इसे ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर 1 घंटे पहले उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। यहां सभी परीक्षा केंद्रों पर त्रिस्तरीय जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के परीक्षा कक्ष में दाखिल होने के बाद ही परीक्षा केंद्रों पर उचित सुरक्षा के बीच एग्जाम पेपर पहुंचे। वहीं, परीक्षा में ओएमआर शीट में प्रत्येक प्रश्न के पांच ऑप्शन दिए गए, जिनमें से किसी भी एक को भरना अनिवार्य किया गया।

# प्रस्तुतियों से एकता का संदेश देंगे बच्चे




बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल में मोंटसरी ग्रेजुएशन की तैयारी चल रही हैं। अध्यापक और छात्र अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए अपने-अपने कार्यों में जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम में जयपुर की जानी-मानी हस्तियों को भी बुलाया जाएगा। मोंटेसरी के नन्हें- मुन्ने बच्चे अपनी भाषा में अपने सहयोगियों को धन्यवाद करने की तैयारी में लगे हुए हैं। छात्र सभी अतिथि तथा अभिभावकों का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में स्वागत और धन्यवाद करेंगे। छात्र प्रस्तुतियों द्वारा अपनी प्रतिभाओं को दर्शाते हुए एकता का संदेश देंगे। बच्चे अपने परिधानों और प्रस्तुतियों को लेकर काफी उत्साहित हैं। विद्यालय प्रांगण में सभी अपना-अपना कार्य करते हुए व्यस्त दिखाई देते हैं। दर्शकगण अपने आगमन द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित करें।

**जागरूकता** | **35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-जागरूकता सेमिनार आयोजित**

# सड़क सुरक्षा के लिए बन रही कार्य योजनाओं पर चर्चा

### यातायात संबंधी नियमों की जानकारी साझा की

बेधड़क | जयपुर

मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के लिए जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर में सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद्, परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली के सदस्य निर्मल जैन ने सड़क सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार बेनीवाल, एस.ई. परिवहन विभाग ने यातायात सम्बन्धी नियमों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से दुर्घटना पर लगाम लगाई जा सकती है।

कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 14 फरवरी तक मनाया जा रहा है जिसके पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 14 फरवरी तक**




ने किया है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर व ट्रस्ट सदस्य तथा मिडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि इस माह के अंतर्गत सड़क हादसों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान, यातायात नियमों एवं एक्ट्स के प्रति जागरूक करने के लिए वेबिनार, प्रतिज्ञा, रैली, ड्राइवर्स के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, निबंध एवं कला प्रतियोगिता, भाषण, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

इसमें प्रशासन, ट्रेफिक पुलिस, स्काउट एंड गाइड्स, एनएसएस आदि को भी जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर , दुर्गा वर्मा, सुधीर वर्मा, इंस्पेक्टर यादराम दायमा प्रादेशिक परिवहन विभाग, श्वेता जाजू, जागृत, जय भाटिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


# बुद्धि का प्रयोग व अभ्यास के साथ है संबंध



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के द्वारा विगत वर्ष नौवीं और दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से विश्व के महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत को हटा दिए जाने पर इस बात को लेकर काफी विवाद हुआ। डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत को पाठ्यक्रम से हटाने पर देश के कुछ विद्वानों व शिक्षकों ने हैरानी जताते हुए कहा कि डार्विन का सिद्धांत छात्रों के लिए काफी अहम है। इसे पाठ्यक्रम से हटाने पर अब बच्चों को मनुष्य के विकास यात्रा के बारे में कैसे पता चलेगा? 12 फरवरी 1809 को इंग्लैंड के हैम्पशायर में पेशे से एक डॉक्टर रावर्ट डार्विन के घर जन्मे चार्ल्स डार्विन के द्वारा बीस वर्षों तक मनुष्य और जीव-जंतुओं के क्रमिक विकास के संबंध में किए गए खोज पर आधारित उनका यह सिद्धांत बताता है कि मनुष्य के पूर्वज बंदर थे, और सभी जीवों की उत्पत्ति एक ही जीव से हुई है। हम सभी के पूर्वज एक ही हैं। हर प्रजाति चाहे वह मनुष्य हो, जानवर हों, पक्षी हों अथवा पेड़-पौधे हों, सभी एक-दूसरे से संबंधित हैं। डार्विन के इस विचार को थ्योरी आफ इवोल्यूशन यानी विकासवाद का सिद्धांत कहा जाता है। इसके अनुसार इस धरती पर सबसे पहले एक कोशिका वाले जीव बने। ये जीव पानी में रहते थे। समय और परिस्थितियों के अनुसार इन्होंने स्वयं को ढाल लिया। एक कोशिकीय जीव के बाद बहुकोशकीय जीव बने। इस तरह जीव विकास की यह यात्रा करोड़ों वर्षों तक चली, जिसके परिणामस्वरूप बंदर से मनुष्य बना। धरती पर जीवन की शुरुआत से ही जीवों का आपसी और प्रकृति के प्रति संघर्ष चला आ रहा है। जो इस संघर्ष में अनुकूल रहे, वे जीवित रहे, वहीं, जो प्रतिकूल रहे, वो नष्ट हो गए। डार्विन के इस विकासवाद को आरंभ से ही विरोध का सामना करना पड़ा, और अनेक देशों व सभ्यताओं के विद्वानों ने इसे नकार दिया, लेकिन अंग्रेजों ने अपने साम्राज्य विस्तार के क्रम में अन्य सभ्यताओं को अपनी दास बनाए रखने और अपनी सता कायम करने लिए इस वाद का बखूबी प्रयोग किया, और डार्विन के विकासवाद को प्रश्रय देकर अन्य सभ्यताओं में सृष्टि रचना से संबंधित प्रचलित मान्यताओं को नकारने का इसे स्रोत बना लिया। 1831 से लेकर 1836 तक एचएमएस बीगल पर डार्विन की समुद्र यात्रा के संग्रहों पर आधारित इस विकासवाद संबंधी विचार के लिए उन्हें 1839 में फेलो आफ रायल सोसायटी, 1853 में रायल मेडल, 1859 में वोल्स्टन मेडल और 1864 में कापली मेडल से सम्मानित किया गया। अनेक देशों में वहाँ के स्थानीय मान्यताओं के अपमान, तिरस्कार के लिए आंग्ल शासन के साये में डार्विन के विकासवाद को शिक्षा तत्पश्चात नौकरी देने की लालच देकर पाठ्यक्रमों में शामिल कर दिया गया, और स्थानीय मान्यताओं को दबाकर, हतोत्साहित कर ब्रिटिश इतिहास, मान्यताओं को प्रश्रय देने का भरपूर कोशिश किया गया। फिर भी डार्विन के इस विचार को अनेक सभ्यताओं के विद्वानों और कई देश के लोगों ने आरंभ से ही विरोध किया और डार्विन के इस विचार को मानने से इंकार कर दिया। सांस्कृतिक दृष्टि से अति समृद्ध भारत जैसे देश में भी यहाँ के सनातनी वैदिक विद्वानों और भारत, भारतीय व भारतीयता के समर्थकों ने इसका आरंभ से ही विरोध किया है। ऐसे लोग आज भी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के द्वारा नौवीं और दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत को हटा दिए पर प्रसन्न, उत्साहित हैं। इस आदेश से प्रसन्न सनातनी वैदिक विद्वानों और भारत, भारतीय व भारतीयता के समर्थकों का कहना है कि विकासवाद आज तक सिद्धांत नहीं बन पाया, यह सिर्फ वाद है। वर्तमान युग का सबसे बड़ा छलना अर्थात फ्रॉड है यह डार्विन का विकासवाद। विकासवाद एक महान गल्प है। इसको न तो वैज्ञानिक माना जा सकता है और न ही इसमें कोई प्रमाण है। विकासवाद आज तक सिद्धांत नहीं बन पाया, यह सिर्फ वाद है। डार्विन ने इस संसार के लोगों पर एक बहुत बड़ी छलना खेली है। उसका परिणाम ही है कि मानव समाज की दृष्टि से सत्य लोप होकर असत्य ही सत्य प्रतीत होने लगा है। डार्विन के विकासवाद को दो भागों में बांटा जा सकता है। प्रथमतः तो सब जन्तु एक प्रकार के एक कोशीय प्राणी से उत्पन्न होने और द्वितीयः इस विकासवाद के मनुष्य पर किए जाने वाले प्रयोग से। डार्विन का प्रथम विचार यह है कि सब जन्तु एक प्रकार के एक कोशीय अर्थात सिंगल सेल्लुलर प्राणी अमीबा से उत्पन्न हुए हैं। परन्तु संसार में नियमानुसार निरन्तर घट रहे घटनाओं के अध्ययन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि एक जन्तु से दूसरे प्रकार का जन्तु नहीं बन सकता और न ही कभी बनता देखा गया है। इसके दूसरे भाग का सम्बन्ध इस विकासवाद के मनुष्य पर प्रयोग किये जाने से है। परन्तु मानव इतिहास के अध्ययन से इस तथ्य की ही पुष्टि होती है कि विकासवाद से सम्बंधित यह कथन मिथ्या है कि मनुष्य में शारीरिक, मानसिक अथवा आत्मिक विकास हुआ है। इस तथ्य से सहमत नहीं होने वाले वैज्ञानिक अथवा व्यक्ति जब किसी दिन किसी बन्दर को मनुष्य बनाकर दिखला देंगे, तब उस दिन डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत के वैज्ञानिक होने पर विचार किया जा सकगा। हाँ, मानव मन के विषय में स्पष्टतः कहा जा सकता है कि सृष्टि के आदि काल से लेकर आज तक इसमें रंच मात्र भी परिवर्तन नहीं हुआ है। भारतीय इतिहास यही बतलाता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**





## देवेन्द्र सत्यार्थी का स्मृति दिवस पर विशेष

# जनपदीय भारत का सच्चा चक्रवर्ती



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> देवेंद्र सत्यार्थी ने रेखाचित्र, संस्मरण और यात्रा-वृत्तांत भी गजब के लिखे हैं। इन किताबों में उनकी घुमक्कड़ी की ऐसी-ऐसी दास्तानें बिखरी पड़ी हैं कि मंटो ने उनसे मुतासिर होकर एक बार सत्यार्थी को पत्र लिखा, "वह उनके साथ गाँव-गाँव, नगरी-नगरी घूमना चाहते हैं।" वहीं उर्दू अदब के बड़े अफ़साना निगार कृश्न चंदर ने उनसे एक बार हसरत भरे अल्फ़ाज़ों से कहा, "भाई, अपने सुख मुझे भी दे दो!" देवेंद्र सत्यार्थी हरफनमौला थे। उनमें एक साथ कई खूबियां थीं।



देवेंद्र सत्यार्थी एक विलक्षण इंसान थे। पूरे हिंद उपमहाद्वीप में उनकी जैसी शख़्सियत शायद ही कोई दूजी हो। उर्दू-हिंदी-पंजाबी ज़बान के वे एक अज़ीम अदीब थे। मगर इन सबसे अव्वल उनकी एक और शिनाख़्त थी, लोकगीत संकलनकर्ता की। अविभाजित भारत में उन्होंने पूरे देश में ही नहीं बल्कि भूटान, नेपाल और श्रीलंका तक घूम-घूमकर विभिन्न भाषाओं के तीन लाख से ज्यादा लोकगीत इकट्ठा किये थे। यह एक ऐसा कारनामा है, जो उन्हीं के नाम पर रहेगा। इसे दोहराना किसी के वश की बात नहीं। देवेंद्र सत्यार्थी की एक किताब का नाम है, 'मैं हूं खाना-ब-दोश'। हक़ीकत में वे खाना-ब-दोश ही थे, जिन्होंने पूरी जिंदगानी खानाबदोशी में ही गुज़ार दी। उनकी बीवी और दोस्तों को भी यह मालूम नहीं होता था कि वे घर से निकले हैं, तो कब लौट कर वापिस आयेंगे। लोकगीतों के जानिब देवेंद्र सत्यार्थी की दीवानगी और जुनून कुछ ऐसा था कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी इन्हीं को इकट्ठा करने में कुर्बान कर दी। एक-एक गीत को इकट्ठा करने में उन्होंने कई तकलीफें, दुःख-दर्द सहे पर हिम्मत नहीं हारी। अपने पीछे वे लोकगीतों का एक ऐसा सरमाया छोड़ कर गये हैं, जिसकी दौलत कभी कम नहीं होगी। इन लोकगीतों का यदि अध्ययन करें, तो इनमें भारत की सभ्यता, संस्कृति, कला, रहन-सहन, रीति रिवाज, ऋतुएं, त्यौहार, शादी-विवाह, खेतीबाड़ी आदि को आसानी से समझा जा सकता है। इन लोकगीतों में जैसे जिंदगी धड़कती है।

देवेंद्र सत्यार्थी की उम्र महज उन्नीस बरस थी, तब कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर वह अपने घर से निकल गए। घर छोड़ने का मकसद, लोकगीतों के प्रति उनकी दीवानगी और उन्हें इकट्ठा करने का हद दर्जे का जुनून था। शायर इकबाल, लेनिन और गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर वे शख़्सियत थे, जिनका देवेंद्र सत्यार्थी की जिंदगी पर काफ़ी असर रहा। वे नौ-उम्र ही थे, जब उन्होंने खुदकुशी का इरादा कर लिया था। कुछ दोस्तों को जब यह बात मालूम चली, तो वे उन्हें पकड़ कर अल्लामा इकबाल के पास ले गये। इकबाल ने समझाया, तब जाकर उन्होंने खुदकुशी का खयाल अपने दिल से निकाला। बहरहाल, लेनिन की तालीमात से वाकिफ़ होकर, उनमें लोकगीतों को जमा करने की ख़्वाहिश जागी। गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर को जब देवेन्द्र सत्यार्थी ने अपने मन की बात बताई, तो उन्होंने उनके इस खयाल को न सिर्फ सराहा, बल्कि हौसला-अफ़ज़ाई भी की। देवेंद्र सत्यार्थी के इस अजीब जुनून में उनके भाषाओं के ज्ञान ने काफ़ी मदद की। उन्हें कई भाषाएं आती थीं। अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू गुरुमुखी यानी पंजाबी के अलावा तमिल, मराठी, गुजराती पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। मौका पड़ने पर वे किसी भी भाषा या बोली में संवाद कर सकते थे। अलबत्ता किसी भाषा की जानकारी न होने से उनके काम में कभी रुकावट नहीं आई। वे जहां जाते वहां किसी को भी पकड़ कर, उससे उन गीतों का अनुवाद जानते और उसे लिपिबद्ध कर देते।

यायावर देवेंद्र सत्यार्थी ने बरसों बरस बिना रुके, बिना थके घूम-घूमकर देश के कोने-कोने, गाँव-गाँव की यात्रा की और अनेक भाषाओं व क्षेत्रीय बोलियों के लाखों लोकगीत इकट्ठे किए। एक-एक लोकगीत के लिए उन्होंने बेहद मेहनत की। शुरुआत पंजाबी लोकगीतों से की और उसके बाद दीगर भाषाओं के लोकगीत खजाने की तरफ़ बढ़े। भारत की तमाम भाषाओं के लोकगीत इकट्ठे हो गए, तो पड़ोसी देशों की लोक संस्कृति और लोकगीतों की जानने की चाहत जागी, उन्हें इकट्ठा करने निकल लिए। इस लोकयात्री ने तक़रीबन 50 भाषाओं के हज़ारों गीतों का ऐसा खजाना तैयार किया है, जो साहित्य की अमूल्य निधि है। अकेले 'लोकगीत' ही नहीं 'लोककथा', 'लोक साहित्य', 'लोककला' और 'लोकयान' जैसे शब्दों के हिंदी में प्रचलन का श्रेय भी देवेंद्र सत्यार्थी को ही जाता है। अपने ज़माने में उनके लोकगीत संबंधी लेख, और इकट्ठा किये लोकगीत देश भर की मशहूर पत्र-पत्रिकाओं मसलन 'विशाल भारत', 'मॉडर्न रिव्यू' और 'एशिया' में एहतिराम के साथ छपते थे। बावजूद इसके उन्हें अपने इस काम का किसी भी तरह का कोई अहंकार नहीं था। वे हमेशा विनम्र बने रहे। अपने पहले लोकगीत-अध्ययन 'धरती गाती है' की भूमिका में उन्होंने बड़े ही विनम्रता और सादगी से यह बात लिखी है, ''आज सोचता हूँ कि कैसे इस लघु जीवन के बीस बरस भारतीय लोकगीतों से अपनी झोली भरने में बिता दिए, तो चकित रह जाता हूँ। कोई विशेष साधन तो था नहीं। सुविधाओं का तो कभी प्रश्न नहीं उठा था। फिर भी एक लगन अवश्य थी, एक धुन। आज सोचकर भी यह कहना कठिन है कि नए-नए स्थान देखने, नए-नए लोगों से मिलने की धुन अधिक थी या वस्तुतः लोकगीत-संग्रह करने की धुन। जो भी हो, मैंने निरंतर लंबी-लंबी यात्राएँ कीं। कई जनपदों में तो मैं दो-दो, तीन-तीन बार गया। इन्हीं यात्राओं में मैंने शिक्षा की कमी को भी पूरा किया।''

देवेंद्र सत्यार्थी ने जो लोकगीत इकट्ठा किए उनमें प्रेम, विरह, देशप्रेम, भाईचारा, गुलामी की फांस, साहूकारों-जमींदारों का शोषण और अंग्रेजी सरकार के विरोध के रंग भरे पड़े हैं, तो दूसरी तरफ अकाल, बाढ़ और सूखे के वर्णन भी हैं। देवेन्द्र सत्यार्थी ने एक मर्तबा अंग्रेजी राज में हाहाकार करते देशवासियों के दर्द को बयां करते हुए, यह लोकगीत सुनाया, ''रब्ब मोया, देवते भज्ज गए, राज फिरंगियाँ दा।'' इस गीत को जब महात्मा गाँधी ने सुना, तो उन्होंने बेसाख़्ता यह टिप्पणी की, ''अगर तराजू के एक पलड़े पर मेरे और जवाहरलाल के सारे भाषण रख दिए जाएं और दूसरे पर अकेला यह लोकगीत, तो लोकगीत वाला पलड़ा ही भारी रहेगा।'' देवेन्द्र सत्यार्थी की अज़्मत बतलाने के लिए यह सिर्फ एक बानगी भर है। देवेंद्र सत्यार्थी की यायावरी के भी अनगिनत दिलचस्प किस्से हैं। एक मर्तबा लोकगीतों के वास्ते पाकिस्तान यात्रा पर गये। निकले तो थे एक पखवाड़े के लिए, मगर जब चार महीने तक वापिस नहीं लौटे, तो पत्नी को उनकी चिंता हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा, ''मेरे पति की तलाश कराएं।'' बहरहाल, नेहरू ने सरकारी स्तर पर कोशिशें तेज कीं और उन्हें बुलवाया।

देवेंद्र सत्यार्थी ने लोकगीतों को इकट्ठा करने के लिए की गईं बेशुमार यात्राओं और जिंदगी से हासिल तजुर्बों को कलमबंद कर तमाम साहित्य रचा। इस बहुभाषी लेखक ने साहित्य की अनेक विधाओं कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथात्मक लेख, निबंध, रेखाचित्र, संस्मरण, यात्रा वृतांत और साक्षात्कार पर पचास से ज़्यादा किताबें लिखीं। पर इन सबके ऊपर लोकगीतों से मुहब्बत रही। पंजाबी में लोक साहित्य के क्षेत्र में उनकी चार किताबें 'गिद्धा', 'दीवा बले सारी रात', 'पंजाबी लोक साहित्य विच सैनिक' और 'लोकगीत दा जनम' प्रकाशित हुईं। वहीं 'धरती दीयाँ वाजाँ', 'मुड़का ते कणक', 'बुड्ढी नहीं धरती' और 'लक टुनूँ-टुनूँ' उनके काव्य-संग्रह हैं। कहानी-संग्रह की यदि बात करें, तो 'कुंगपोश', 'सोनागाची', 'देवता डिग पया', 'तिन बुहियाँ वाला घर', 'पेरिस दा आदमी', 'सूई बाजार', 'नीली छतरी वाला', 'लंका देश है कोलंबो' और 'संदली गली' आदि संग्रह में उनकी कहानियां संकलित हैं। देवेंद्र सत्यार्थी ने उपन्यास भी लिखे। 'रथ के पहिए', 'कठपुतली', 'ब्रह्मपुत्र', 'दूध-गाछ', 'घोड़ा बादशाह' और 'कथा कहो उर्वशी' उनके उपन्यास हैं। देवेंद्र सत्यार्थी ने अपनी आत्मकथा भी लिखी। 'चाँद-सूरज के बीरन' उनकी आत्मकथा है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सत्तरनामा



संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

पिछले दिनों श्री नारायण मूर्ति जी द्वारा सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात कही गई, यानि प्रतिदिन लगभग 12 घंटा। श्री नारायण मूर्ति जैसे अविवादित व्यक्ति द्वारा यह वक्तव्य आया है, नहीं तो अबतक इंकलाब जिंदाबाद हो गया होता। इस बिंदु पर अन्य उद्योगपति भी एक मत से सहमत नहीं है। सप्ताह में सत्तर घंटा काम सत्रह वर्ष के नवयुवकों द्वारा सत्तर दिन तक तो किया जा सकता है, लेकिन 70 महीने तक सत्तर घंटा काम करना व्यवहारिक दृष्टिकोण से कठिन प्रतीत होता है। जान है तो जहान है, काम करते रहने के लिए शरीर का स्वस्थ होना भी जरूरी है और इसके लिए थोड़ा आराम भी होना चाहिए। परिवार और समाज के लिए भी कुछ समय होना चाहिए, लेकिन सप्ताह में सत्तर घंटे काम करने पर यह सब संभव नहीं हो पाएगा। जब सत्तर की बात चल निकली है तो सत्तर से जुड़ी कुछ कही-अनकही बातें अनायास याद आ जाती है। विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा कर एक तीर से कई शिकार किया, वर्ष 2019 के हार का बदला लिया, साथ ही फाइनल में पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ। सत्रह वर्ष की उम्र में आदमी अपने जिम्मेवारियों को उठाने के लिए कंधों को मजबूत कर रहा होता है तो सत्तर वर्ष की उम्र में सामान्यतया आदमी अपने पारिवारिक जिम्मेवारियों से मुक्ति पा चुका होता है। हृदय/नाड़ी की सामान्य गति आराम की अवस्था में 60-100 के बीच होती है और मानव शरीर में 70% से अधिक पानी है। जब किसी नारी की नाड़ी कोई पुरुष देखता है तो नारी के पति की नाड़ी की गति भी बढ़ कर सत्तर हो जाती है।

सत्तर का दशक भारत के लिए कभी खुशी कभी गम का रहा। 1971 में भारत पाक युद्ध हुआ तो1974 में जेपी आंदोलन हुआ जिसने देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी, 1975 में देश का पहला कृत्रिम उपग्रह आर्यभट्ट छोड़ा गया, फिर उसी वर्ष देश के लोकतंत्रीय व्यवस्था पर आपातकाल की कालिख पोती गई, 1977 में देश में पहलीवार केंद्र में गैर कांग्रेसी सरकार आई आदि आदि।

ब्याज की राशि निकलने के लिए सत्तर का नियम है जिसमें यदि ब्याज की दर की जानकारी है तो कोई राशि कितने समय में दुगुना होगा इसकी जानकारी हो जाती है। विश्व बैंक के अनुसार वर्तमान में भारतीयों की औसत आयु भी 70 वर्ष ही है और शेयर बाजार का सूचकांक भी सत्तर हजारी हो गया है। अभी हाल में एलन मस्क ने भी कहा कि निर्वाचित व्यक्तियों की अधिकतम उम्र 70 होनी चाहिए और भूतपूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी 70 वर्ष की उम्र में अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला था। 370, जो गत सत्तर वर्षो से चला आ रहा था, उसकी भी वापसी सत्तर वर्ष बाद ही हुई! और अंत में राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में 70 हजार युवाओं के लिए भर्तियों का ऐलान किया गया।

## X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
एकात्म मानववाद और अंत्योदय दर्शन के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। दीनदयाल जी का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता।



**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
दिन रात 'झूठ की खेती' करने वाले मोदी ने 10 वर्षों में किसानों को सिर्फ ठगा है। दो गुनी आमदनी का वादा कर मोदी ने अन्नदाताओं को MSP के लिए भी तरसा डाला। महंगाई तले दबे किसानों को फसलों का सही दाम न मिलने के कारण उनके कर्ज़े 60% बढ़ गए - नतीजा, लगभग 30 किसानों ने रोज़ अपनी जान गंवाई। धोखा जिसकी USP हो, वो MSP के नाम पर किसानों के साथ सिर्फ राजनीति कर सकता है, न्याय नहीं। किसानों की राह में कीलें बिछाने वाले भरोसे के लायक नहीं हैं, इनको दिल्ली से उखाड़ फेंको, किसान को न्याय और मुनाफा कांग्रेस देगी।

## नॉलेज कॉर्नर: मोह-जुज के दौरान जानवरों पर क्रूरता

# PETA ने रुकवाई अहोम वंश की परंपरा

पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) संगठन ने असम की पारंपरिक भैंसों की लड़ाई पर रोक लगाने के लिए गुवाहाटी हाई कोर्ट का रूख किया है। पशु-अधिकार संगठन का कहना है कि ये लड़ाइयां सरकार के दिशानिर्देशों में निर्धारित समय-सीमा के बाद भी आयोजित की जारी हैं। PETA ने इस परंपरा को पूरी तरह से रोकने के लिए भी अदालत में याचिका दायर की है। PETA का कहना है कि भैंसों की लड़ाई में जानवरों पर क्रूरता होती है और यह असंवैधानिक है। असम में भैंसों की लड़ाई को मोह-जुज नाम से जाना जाता है। यह सालों पुरानी परंपरा है। बीते कुछ सालों से, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, इसका आयोजन नहीं हो रहा था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मोह-जुज को असम की संस्कृति का हिस्सा बताया है। आइए जानते हैं क्या है असम का जल्लीकट्टू कहे जाने वाला मोह-जुज।

### कब और क्यों शुरू हुआ?

मोह-जुज उत्सव माघ बिहू में जनवरी महीने के मध्य में होता है। भैंसों की लड़ाई के अलावा असम के विभिन्न इलाकों में इस समय बुलबुल (चिड़िया) की लड़ाई भी होती हैं, जिसे बुलबुली कहते हैं। ये परंपरा अहोम वंश से चली आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 200 साल पहले 30वें अहोम राजा स्वर्गदेव रुद्र सिंह ने इनकी शुरूआत की थी। अहोम शासकों के दौर में इसे बहुत धूमधाम से मनाया जाता था और तब हाथियों को भी आपस में लड़ाया जाता था। गांवों में कुश्ती और कई खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती थीं। यह प्रथा असम की लोक संस्कृति से जुड़ी होने के साथ धर्म से भी जुड़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, लड़ाइयां दीपक (साकी) जलाकर और भगवान विष्णु को प्रसाद चढ़ाकर आयोजित की जाती हैं। परंपरा का मकसद समाज में एकजुटता को बढ़ाना होता है।



### क्यों मोह-जुज हो गया था बंद?

असम में 2015 तक मोह-जुज और बुलबुली कराया जाता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में बैलों से जुड़े खेलों जैसे जल्लीकट्टू पर महाराष्ट्र और तमिलनाडु में प्रतिबंध लगा दिया। उसके एक साल बाद असम की राज्य सरकार ने भैंसों की लड़ाई (मोह-जुज) और बुलबुल पक्षी (बुलबुली) की लड़ाई को बैन कर दिया। साल 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के जल्लीकट्टू, महाराष्ट्र की बैलगाड़ी दौड़ और कर्नाटक के कंबाला को अनुमति दे दी। इसके बाद, असम सरकार ने भी राज्य में मोह-जुज और बुलबुली कराने की इजाजत दे दी। हालांकि, इन लड़ाइयों को कराने से जुड़े नियम भी बनाए गए जिनका पालन करना अनिवार्य है।

### मोह-जुज कराने के दिशा निर्देश

*2024 में लंबे अंतराल के बाद जब बुलबुली और मोह-जुज का आयोजन हुआ, तो मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हिमंत सरमा ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों (SOP) से पशु कल्याण और प्राचीन संस्कृति के उत्सव के बीच एक सामंजस्य सुनिश्चित किया गया है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**राज्यसभा चुनाव:** भाजपा ने पांच राज्यों के लिए 14 प्रत्याशी किए घोषित, बिहार में सुशील मोदी को नहीं मिला फिर मौका

# सियासी समीकरण साधे, RPN सिंह व सुधांशु त्रिवेदी यूपी से प्रत्याशी

एजेंसी | नई दिल्ली







भाजपा ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की खाली सीटों के प्रस्तावित चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी मुख्यालय की तरफ से जारी सूची के मुताबिक उत्तर प्रदेश की सात और बिहार की दो तथा छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में एक-एक सीटों पर भाजपा प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने दो महिलाओं साधना सिंह और डॉ संगीता बलवंत को प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा पार्टी ने आरपीएन सिंह, डॉ सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, अमरपाल मौर्य और नवीन जैन को उत्तर प्रदेश से प्रत्याशी बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने राज्यसभा प्रत्याशियों की सूची से कई सामाजिक व राजनीतक समीकरण भी साधे हैं। पार्टी ने कांग्रेस से बगावत कर भाजपा में आए नेताओं को महत्व देना भी जारी रखा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के बाद अब आरपीएन सिंह को भी पार्टी आगे बढ़ाती नजर आ रही है। पिछड़े समुदाय से आने वाले आरपीएन सिंह के भाजपा में आने से वह पूर्वांचल के पिछड़े समुदाय में मजबूत हुई है। इसका असर विधानसभा चुनावों में भी दिखाई पड़ा था और अब लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को आरपीएन सिंह का लाभ मिल सकता है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या के लिहाज से सभी सात प्रत्याशियों का राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होना तय है। पार्टी ने जातीय समीकरण साधने के लिए एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक ठाकुर और चार पिछड़ों को प्रत्याशी बनाया है।

भाजपा महासचिव अरुण सिंह ओर से जारी सूची के अनुसार बिहार से डॉ धर्मशीला गुप्ता और डॉ भीम सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही सुशील मोदी का पत्ता कट गया है। बता दें कि सुशील मोदी का कार्यकाल अभी समाप्त हुआ है। डॉक्टर धर्मशीला गुप्ता बिहार भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष हैं। डॉक्टर भीम सिंह अति पिछड़ा समाज से आते हैं और वो नीतीश सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं।

### 65 सांसद हो रहे रिटायर

इस साल राज्यसभा के 68 सदस्य रिटायर होने वाले हैं। तीन सांसदों का कार्यकाल 27 जनवरी को पूरा हो चुका है। इन 65 सदस्यों में से 55 सदस्य 23 फरवरी को रिटायर होंगे। 1 से 13 जुलाई के बीच 7 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल पूरा होगा। रिटायर होने वाले सबसे ज्यादा सांसद भाजपा के हैं। इस साल भाजपा के 32 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

### यूपी: नौ में से आठ सदस्यों के टिकट कटे

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए यूपी के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका दिया गया है। जबकि, अनिल डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. अशोक बाजपेयी, डॉ. अनिल जैन, कांता कर्दम, नरसिम्हा राव, हरनाथ सिंह यादव और विजयपाल सिंह तोमर का टिकट कट गया है।

### सागरिक घोष समेत TMC के 4 प्रत्याशी घोषित



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव ममता बाला ठाकुर और नदीमुल हक को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में टीएमसी ने यह जानकारी दी। पार्टी ने प्रत्याशियों से कहा है कि वे हर भारतीय के अधिकारों के लिए अदम्य भावना और वकालत की तृणमूल की स्थायी विरासत को बनाए रखने की दिशा में काम करें।

### भाजपा: राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 17 व 18 को

**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 17 व 18 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में होने वाली इस बैठक के समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन होगा। राम मंदिर के उद्घाटन और संसद के अंतिम सत्र के बाद हो रही पार्टी की इस बैठक को आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है। बैठक में पीएम मोदी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए चुनाव की लाइन तय कर सकते हैं। बैठक में राम मंदिर निर्माण पर भी धन्यवाद प्रस्ताव पास किया जाएगा। बैठक में पार्टी के विकसित राष्ट्र के लक्ष्य समेत कई मसलों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

**झाबुआ में आदिवासी महाकुंभ:** एमपी को दी 7550 करोड़ की सौगात

# जनजातीय समाज का सम्मान व विकास है मोदी की गारंटी: पीएम

**टंट्या मामा भील विश्व विद्यालय की स्थापना की घोषणा, कहा- कांग्रेस की ताकत लूट व फूट**

एजेंसी | झाबुआ




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है। हमारे लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, देश का गौरव है। आपका सम्मान भी, और आपका विकास भी, ये मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा सियासी प्रहार किया और कहा कि कांग्रेस और उसके दोस्तों की दो ही ताकत हैं, एक जब कांग्रेस सत्ता में रहती है तो यह लूटने का काम करती है और जब सत्ता के बाहर होती है तो लड़ाने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस की ऑक्सीजन है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पीएम मोदी ने इस दौरे के जरिए मध्य प्रदेश के साथ ही झाबुआ की सीमा से लगे राजस्थान और गुजरात के आदिवासियों को साधने का प्रयास किया। पीएम मोदी ने रविवार को यहां आयोजित आदिवासी महाकुंभ में 7550 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। टंट्या मामा भील विश्व विद्यालय के स्थापना की घोषणा की।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का अभिनंदन कर प्रदेश की जनता की तरफ से विकास की सौगातों के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शुरू की पीएम-जनमन योजना

प्रधानमंत्री ने कहा कि सबसे पिछड़े जनजातीय समूहों के लिए हमने पीएम-जनमन योजना शुरू की। जो जनजातीय समाज अब तक विकास की मुख्य धारा से कटा हुआ था, जनमन योजना के तहत उनका तेज विकास शुरू किया गया है। इसका लाभ इस क्षेत्र की बैगा, भारिया और सहरिया जैसे जनजातीय समूहों को होगा।

### बच्चे का स्वीकारा अभिवादन

झाबुआ की सभा में हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे बच्चे को देख बोले पीएम मोदी- मैंने तुम्हे देख लिया है बेटा, हाथ दुख जाएगा अब नीचे कर लो।

### डबल इंजन की सरकार में विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र को धन्यवाद करते हुए कहा कि आज जनजातीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना केवल हम सब के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए सौभाग्य है। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर जनजातीय वर्ग गौरवांवित है।

### वन भूमि से जुड़े अधिकार लौटाए

प्रधानमंत्री ने कहा कि वन संपदा कानून में बदलाव करके हमारी सरकार द्वारा आदिवासी समाज को वन भूमि से जुड़े अधिकार लौटाए गए हैं। हमने वोट बैंक के लिए नहीं, आदिवासी समाज के स्वास्थ्य के लिए सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया। आज जो सबसे वंचित है, सबसे पिछड़ा है, हमारी सरकार में वो सबसे पहली प्राथमिकता है। समाज में जो सबसे आखिरी वर्ग होता था, हमने विकास में उसे सबसे पहला दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास ध्यान दे रही है। पूर्व की केन्द्र सरकार के 10 वर्षों में मध्यप्रदेश को रेलवे के विकास के लिए जितना पैसा मिला, आज हम उससे 24 गुना ज्यादा पैसा मध्य प्रदेश के लिए भेज रहे हैं। आदिवासी इलाकों में स्कूलों की कमी के कारण बच्चों को स्कूल जाने के लिए कई किलोमीटर चलना पड़ता था। हम आदिवासी बच्चों के लिए देश भर में एकलव्य आवासीय स्कूल खुलवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज के लोगों का कभी विकास नहीं किया।

**छलका शरद पवार** का दर्द...कहा-

# चुनाव आयोग ने NCP संस्थापकों से छीनकर दूसरों को सौंप दी

एजेंसी | मुंबई



एनसीपी के संस्थापक रहे वरिष्ठ नेता राजनेता शरद पवार ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का नाम और चुनाव चिह्न आवंटित करने के चुनाव आयोग के फैसले को आश्चर्यजनक बताते हुए रविवार को आयोग ने पार्टी को उन लोगों के हाथों से 'छीन' लिया है जिन्होंने इसकी स्थापना की और इसे दूसरों को दे दिया।

लेकिन, जनता चुनाव आयोग के फैसले को न तो स्वीकार करेगी और न ही उसका समर्थन करेगी। शरद पवार ने चुनाव आयोग के फैसले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि यह इतिहास का पहला उदाहरण है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके गुट ने चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए किसी पार्टी के कार्यक्रम और विचारधारा अहम होती है, चुनाव चिन्ह तो सीमित समय के लिए ही उपयोगी रहता है। ज्ञात रहे कि इस मामले में पवार खेमा सुप्रीम कोर्ट में अपील कर चुका है। करीब 24 साल पहले शरद पवार ने कांग्रेस से अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की स्थापना की थी।

## राम और राष्ट्र के नाम पर समझौता नहीं: कृष्णम

एजेंसी | संभल (यूपी)

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस से निकाले जाने के बाद कहा है कि राष्ट्र और राम पर समझौता नहीं करेंगे। ज्ञात रहे कि कृष्णम ने गत दिनों पीएम मोदी से मुलाकात कर श्री कल्कि धाम के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया था। कृष्णम ने कहा, केसी वेणुगोपाल या मल्लिकार्जुन खरगे ये बताएं कि ऐसी कौन सी गतिविधियां हैं, जो पार्टी के विरोध में थीं। क्या भगवान राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है, क्या नरेंद्र मोदी से मिलना पार्टी विरोधी है, क्या राम मंदिर जाना पार्टी विरोधी है?

**अपनी पुस्तक के विमोचन** पर बोले कांग्रेस नेता चिदंबरम

# सम्पूर्ण देश डर की चपेट में, यह लोकतंत्र के बिल्कुल उलट

एजेंसी | कोलकाता



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि पूरा देश डर की चपेट में है। भारत की वर्तमान की स्थिति लोकतंत्र के उलट है।

चिदंबरम ने शनिवार को एपीजे कोलकाता लिटरेरी फेस्टिवल 2024 में अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो' का विमोचन करते हुए कहा कि मुझे एक वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन अब तक कोई ऐसा व्यक्ति नहीं मिला, जो भय से मुक्त हो। कार्यक्रम में चिदंबरम ने आगे कहा कि पिछले 18 महीनों में मैं जहां भी गया, जिससे भी बात की, मुझे हमेशा ऐसा लगा कि वह डरे हुए हैं। लोगों की सोच में डर हावी है। आप मुझे एक ऐसा व्यक्ति दिखाइये, जो निडरता से खड़ा हो सके। जो कह सके कि मेरे दिमाग में डर नहीं है। मैं कुछ भी कह सकता हूं। मैं कुछ भी लिख सकता हूं। कानून के दायरे में रहकर मैं कुछ भी कर सकता हूं।

मुझे अब तक किसी भी व्यापारी, वकील, डॉक्टर, कलाकार सहित किसी भी क्षेत्र के व्यक्ति ने यह नहीं कहा कि मैं चाहूं बोल सकता हूं। मैं कोई भी फिल्म बना सकता हूं। असल लोकतंत्र वहीं होता है, जहां लोगों का मन भय रहित हो।

**कर्नाटक:** भाजपा कोर कमेटी की बैठक में लोस चुनाव पर चर्चा

# सभी 28 सीटें जीतने की रणनीति पर जोर

एजेंसी | बेंगलुरु



लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत में नए सियासी समीकरण गढ़ने की तैयारी कर रही भाजपा ने रविवार को कर्नाटक में चुनाव तैयारियों पर मंथन किया।

पार्टी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मैसूर में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में भाग लिया और पार्टी नेताओं के साथ आगामी आम चुनाव के लिए संगठन की रणनीति पर चर्चा की।

बैठक के बाद प्रदेश भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने कहा, हमने आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। हमारे सभी नेताओं ने गृह मंत्री को आश्वासन दिया है कि भाजपा और जेडीएस सभी 28 लोकसभा सीटों पर एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने शाह से कहा, हम सभी 28 सीटें जीतने के लिए सौ फीसदी प्रयास करेंगे। बैठक के बाद पार्टी के नेता सीटी रवि ने कहा, सौ फीसदी परिणाम हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी 28 सीट जीतने के लिए हमें सुझाव दिए गए हैं। जिन्हें हम लागू करेंगे और सौ फीसदी परिणाम हासिल करेंगे। अभी राजग में हमारे पास 27 सीट हैं और अगर हम कड़ी मेहनत करते हैं, तो हम अगली बार सभी 28 सीट जीतेंगे।

रवि ने कहा, जैसे गुजरात और दिल्ली में राजग के पास सौ फीसदी सीटें हैं।

अगर हम कड़ी मेहनत करेंगे तो हम भी सौ फीसदी क्लब के सदस्य बन जाएंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा, बैठक लोकसभा चुनाव जीतने को लेकर थी। इसमें कई सुझाव दिए गए हैं।

**बिहार में विश्वास मत आज**

# सियासी चौसर पर 'खेला' का गणित, शह-मात की रणनीति में जुटी पार्टियां

एजेंसी | पटना



बिहार में 12 फरवरी को नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। फ्लोर टेस्ट से पहले राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। सियासी खेला होने के कयासों के बीच राजद और भाजपा-जदयू खेमा अपने- अपने विधायकों को एकजुट रखने के प्रयासों में जुटे हैं। दोनों खेमों के विधायक अपनी अपनी पार्टी के शीर्ष नेताओं की निगाह में हैं।

दरअसल, नीतीश सरकार को 128 विधायकों का समर्थन हासिल है, इसलिए माना जा रहा था कि सब कुछ सरकार के मन माफिक ही होगा। लेकिन स्थिति अब उतनी आसान नहीं दिख रही। विपक्षी महागठबंधन के साथ अभी 115 विधायक हैं और कयास हैं कि राजद नेता तेजस्वी यादव पूरी कोशिश कर रहे हैं कि नीतीश विश्वास मत हासिल नहीं कर सकें। शक्ति परीक्षण की तैयारियों के बीच जदयू विधानमंडल दल की रविवार शाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्री विजय चौधरी के आवास पर अहम बैठक हुई। लेकिन इसमें तीन विधायक नहीं पहुंचे। इससे एक दिन पहले शनिवार को जेडीयू के सचेतक श्रवण कुमार के आवास पर बैठक हुई थी।

उसमें भी पांच विधायक नदारद रहे। हालांकि कहा जा रहा है कि ये विधायक बाहर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। लेकिन इसने सत्तारूढ़ खेमे को बेचैन कर दिया है। उधर प्रशिक्षण के लिए भाजपा ने अपने विधायकों को बोध गया में इकट्ठा किया था। वे सभी शनिवार देर शाम पटना पहुंच गए हैं।

### RJD विधायक तेजस्वी के आवास पर

राजद ने अपने विधायकों में नीतीश कुमार की किसी भी सेंधमारी को रोकने के लिए शनिवार रात पटना बुला लिया था और ये सभी विधायक पार्टी नेता तेजस्वी यादव के निवास पर रखे गए हैं। इसी तरह किसी भी सेंधमारी से बचने के लिए कांग्रेस ने अपने विधायकों को पहले हैदराबाद भेज दिया था। अब वे हैदराबाद से पटना लौट आए हैं और राजद विधायकों के पास पहुंच गए हैं। संभव है कि सोमवार को एक साथ महागठबंधन के सभी विधायक विधानसभा के लिए निकलें और अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग में हिस्सा लें।

### तेजस्वी के घर के बाहर पुलिस तैनात

राजनीतिक गहमागहमी के बीच तेजस्वी यादव के आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। कयास लगाए जा रहे हैं कि किसी राजग विधायक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस वहां पहुंची है। उन्होंने कथित रूप से विधायक को नजरबंद किए जाने की शिकायत की है। आधिकारिक तौर पर देर रात तक यह साफ नहीं हुआ था कि पुलिस वहां क्यों आई है?

### अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संभव

विश्वास मत से पहले विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास लाया जा सकता है। सत्तारूढ़ गठबंधन ने इसके लिए नोटिस दे रखा है। विधानसभा अध्यक्ष चौधरी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। हालांकि सत्ता पक्ष के 128 विधायकों में 123 भी उपस्थित हो जाते हैं और अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट करते हैं तो स्पीकर की कुर्सी जानी तय है। लेकिन क्रॉस वोटिंग का खतरा बना हुआ है।

### नीतीश कुमार हारे तो क्या होगा

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार सियासी हलकों में इस बात पर भी गुणा-भाग हो रहे हैं किनीतीश कुमार अगर फ्लोर टेस्ट में हार जाते हैं तो क्या होगा? बजट सत्र शुरू होते ही यह बात साफ हो जाएगी कि सत्ता पक्ष के कितने विधायक सदन में मौजूद हैं। अगर आरजेडी के कोई खेला करती नजर आई तो ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार बाजी अपने पक्ष में पलट पाते हैं या नहीं यह बहुत ही अहम होगा।

## जरूरी खबर

### ईडी के चार राज्यों में 19 ठिकानों पर छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गोल्डन लैंड डेवलपर्स लिमिटेड के दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और ओडिशा के 19 ठिकानों पर छापे मारकर 43.48 लाख नकदी और बैंक खातों में मौजूद 64.22 लाख रुपए जब्त किए हैं। साथ ही 35 लाख रुपए की कार भी जब्त की गई है। ईडी ने बताया, कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए हैं, जिनमें 1500 एकड़ जमीन के दस्तावेज भी शामिल हैं। कंपनी के विभिन्न परिसरों से डिजिटल उपकरणों को भी जब्त किया गया है। ईडी ने कंपनी के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो, कोलकाता की एफआईआर पर जांच शुरू की थी।

### लैंडिंग के दौरान विमान पहुंचा रनवे के अंतिम छोर पर

**नई दिल्ली।** अमृतसर से इंडिगो का एक विमान रविवार सुबह दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरने के बाद टैक्सीवे को पार कर रनवे के अंतिम छोर पर चला गया। टैक्सीवे हवाईअड्डे पर विमानों के लिए एक रास्ता है जो रनवे को एप्रन, हैंगर, टर्मिनल और अन्य सुविधाओं से जोड़ता है। इस हादसे के बाद एक रनवे को करीब 15 मिनट के लिए अवरुद्ध कर दिया गया था। इससे कुछ उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। बाद में इंडिगो की एक टोइंग वैन विमान को रनवे के अंतिम छोर से पार्किंग बे तक ले गई।

### सेना से बर्खास्त 4 कर्मियों की बहाली का आदेश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सैन्य अथॉरिटी से कहा कि 2013 में कथित तौर पर जाली रिलेशनशिप सर्टिफिकेट पेश करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त चार कर्मियों को बहाल किया जाए। क्योंकि उन्होंने इन जाली प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल भर्ती प्रक्रिया में किसी तरह की रियायत हासिल करने के लिए नहीं किया था। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्थल की पीठ ने कहा कि भर्ती के तीन साल बाद अपीलकर्ताओं को सेवा से बर्खास्त करना उनके विशिष्ट मामले पर विचार न किए जाने के कारण गलत है। कोर्ट ने कहा, सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने इस महत्वपूर्ण बिंदु को भी नजरअंदाज कर दिया।

## शाह ने की मैसुरु के चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना





*मैसुरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कर्नाटक के दौरे के दौरान मेसुरु में मां चामुंडा के मंदिर में पूजा अर्चना की। शाह ने अपनी यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और बच्चों से भी मुलाकात की।*

## परीक्षा के बाद कटऑफ में बदलाव स्वीकार नहीं: SC



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कटऑफ में कोई बदलाव करना मनमाना है, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही 2022 में जिला न्यायाधीशों के चयन के लिए कटऑफ को बढ़ाकर 50 फीसदी करने के झारखंड हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ के फैसले को रद्द कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि इस परीक्षा में कटऑफ अंक निर्धारित करने की जिम्मेदारी हाईकोर्ट की है। उसकी तरफ से न्यूनतम अर्हता जैसी शर्त में बदलाव किया जा सकता है। लेकिन यह काम परीक्षा प्रक्रिया शुरू होने से पहले किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट निर्दिष्ट चयन मानदंडों से हटकर व्यापक निर्णय लेने के लिए नियम की सहायता नहीं ले सकता।

### किसानों का दिल्ली कूच कल, सीमा पर रोकने की तैयारी

# अलर्ट मोड पर पुलिस... सीमाएं सील, बैरिकेड के साथ किलेबंदी

**एजेंसी** | चंडीगढ़/अंबाला / नई दिल्ली

किसान संगठनों के 13 फरवरी के दिल्ली कूच के आह्वान के बाद हरियाणा, पंजाब और दिल्ली तीनों राज्यों में पुलिस अलर्ट मोड में है। हरियाणा की पंजाब और दिल्ली से लगी सीमा पर कई स्थानों पर कंक्रीट के अवरोधक, सड़क पर बिछने वाले नुकीले अवरोधक और कंटीले तार लगाकर किलेबंदी की गई है। इसके अलावा हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा चुका है। किसान नेताओं ने बैरिकेडिंग का विरोध किया है।



किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने टीकरी बॉर्डर पर कंटीले तार और सिमेंटिड बैरिकेड लगाए गए हैं। अंबाला के पास शंभू में पंजाब के साथ लगती सीमा को सील कर दिया है।राज्य के 12 जिलों में धारा 144 लागू कर सात जिलों में इंटरनेट सेवाओं को भी 13 फरवरी रात 12 बजे तक बंद कर दिया है। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस का भी प्रयास है कि वो हजारों की संख्या में आ रहे किसानों को दिल्ली के बॉर्डर पर दाखिल होने से पहले ही रोक दे। इसके लिए पुलिस ने फेंसिंग, कंटेनर और क्रेन के साथ अपनी तैयारी शुरू कर दी है। आंदोलन के लिए 15 से 20 हजार किसान 2000 से 2500 ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली आ सकते हैं। इसी बीच पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल भी की जा रही है। आंदोलन के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से किसान दिल्ली आ सकते हैं। हरियाणा के अंबाला में डीसीपी ने कहा कि, किसान आंदोलन के कारण, हमने शंभू सीमा को सील कर दिया है। जब किसान यहां आएंगे, तो हम उनसे अनुरोध करेंगे कि वे इससे आगे न जाएं क्योंकि उनके पास इसकी अनुमति नहीं है। हम चाहते हैं कि वे शांतिपूर्वक आंदोलन समाप्त करें।

**आज बैठक संभवः** इस बीच, केंद्र ने किसान यूनियनों की मांगों पर चर्चा के लिए 12 फरवरी को उन्हें एक और बैठक के लिए आमंत्रित किया है, तो दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए सीमाओं को अवरुद्ध करने के कदम की रविवार को विपक्षी दलों ने आलोचना की।

### गुपचुप तरीके से दिल्ली आ सकते हैं किसान

कुछ किसान गुपचुप तरीके से आकर पीएम, गृहमंत्री, कृषि मंत्री और भाजपा के बड़े नेताओं के घर के बाहर इकट्ठा होकर भी प्रदर्शन कर सकते हैं। गौरतलब है कि पिछली बार किसान आंदोलन 26 नवंबर 2020 से 9 दिसंबर 2021 तक चला था।



### विरोध प्रदर्शन से जुड़े लोगों को न दे पेट्रोंल

हरियाणा के सोनीपत में जिला प्रशासन ने ईंधन पंप मालिकों को एक आदेश जारी कर कहा है कि वो बोतलें या अन्य कंटेनर में ईंधन न भरें। ट्रैक्टरों के लिए 10-लीटर की कैप पेश की गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े लोगों को ईंधन मुहैया कराने पर कार्रवाई की जाएगी

### एमएसपी सहित कई मांगें हैं किसानों की

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान संघों द्वारा 'दिल्ली चलो' की घोषणा की थी, ताकि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के वास्ते कानून बनाने सहित कई मांगों को स्वीकार करने को लेकर केंद्र पर दबाव डाला जा सके।

### पड़ोसी देश के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

## अब श्रीलंका में खुलेगा आईआईटी का तीसरा परिसर!



**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय उच्च शिक्षण संस्थान खासकर आईआईटी अब वैश्विक होते जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का तीसरा विदेशी कैंपस पड़ोसी देश श्रीलंका में स्थापित किए जाने की संभावना है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने गत नवंबर में अपने देश के वर्ष 2024 के बजट में आईआईटी स्थापना के प्रस्ताव की घोषणा की थी।

सूत्रों की मानें तो श्रीलंका सरकार महात्वाकांक्षी परियोजना के लिए आईआईटी मद्रास के लगातार संपर्क में है। इससे पहले तंजानिया व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में संस्थान के कैंपस खोले जाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। आईआईटी को मध्य पूर्व और दक्षिण एशियाई देशों से अपने परिसर स्थापित करने के लिए अनुरोध भी मिल रहे हैं। श्रीलंका के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए चेन्नई स्थित कैंपस का दौरा किया था।

बातचीत जारी है और कैंपस कैंडी में बनाए जाने की संभावना है। प्रतिनिधिमंडल ने कैंपस के रिसर्च पार्क का भी दौरा किया और जुड़ाव के संभावित क्षेत्रों पर अधिकारियों से बातचीत की।

भारत सरकार ने घोषणा की थी कि 2017-18 शैक्षणिक सत्र में आईआईटी में श्रीलंका के मेधावी छात्रों को प्रवेश के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

यदि श्रीलंका कैंपस की योजना सफल होती है तो यह आईआईटी मद्रास का दूसरा अंतरराष्ट्रीय कैंपस होगा।

### दो कैंपस की हो चुकी है स्थापना

संस्थान ने गत वर्ष ही तंजानिया के जंजीबार में विदेशी कैंपस स्थापित करने की घोषणा की थी। इसमें प्रीति अघलयम को प्रभारी निदेशक नियुक्त किया था, जो आईआईटी की पहली महिला निदेशक भी बनीं। इसी क्रम में आईआईटी दिल्ली ने अबू धाबी में कैंपस खोलने के लिए यूएई सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। केंद्र सरकार ने विदेशी स्थानों पर आईआईटी परिसर खोलने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 17 सदस्यीय समिति बनाई थी जहां विभिन्न देशों के छात्र तकनीकी शिक्षा का अध्ययन कर सकते हैं। आईआईटी परिषद की स्थायी समिति के अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली समिति ने 2022 में अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं।

### किसानों के लिए राहत भरी खबर


# इस साल काफी अच्छी बारिश होने की है उम्मीद

■ विशेषज्ञों को जून माह तक अल नीनो की स्थिति खत्म होने की उम्मीद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पिछले साल अल- नीनो का जबरदस्त असर दिखा था। हालांकि, इस साल जून तक अल नीनो की स्थिति खत्म हो जाएगी। इस साल काफी अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कम से कम दो वैश्विक जलवायु एजेंसियों ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि अल नीनो की स्थिति कमजोर बनती जा रही है।



फाइल फोटो

हघटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि जून-अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल मानसून की बारिश पिछले साल की तुलना में बेहतर होगी। उन्होंने 'स्प्रिंग प्रेडिक्टेबिलिटी बैरियर' का हवाला देते हुए सावधानी भी बरती।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि जून-जुलाई तक ला नीना विकसित होने की अच्छी संभावना है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून भारत में एक साल में होने वाली बारिश का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा है, जो कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यह सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत है और यह1.4 अरब आबादी में से आधे से अधिक को रोजगार देता है। अमेरिका के राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 79 प्रतिशत संभावना है कि अल नीनो अप्रैल-जून तक ईएनएसओ-तटस्थ में परिवर्तित हो जाएगा और जून-अगस्त में ला नीना विकसित होने की 55 प्रतिशत संभावना है।

### क्या है अल नीनो?

अल नीनो इफेक्ट मौसम संबंधी एक विशेष घटना क्या स्थिति है, जो मध्य और पूर्वी प्रशांत सागर में समुद्र का तापमान सामान्य से अधिक होने पर बनती है। अल नीनो इफेक्ट की वजह से तापमान काफी गर्म हो जाता है। इसकी वजह से पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में रहने वाला गर्म सतह वाला पानी भूमध्य रेखा के साथ पूर्व की ओर बढ़ने लगता है, जिससे भारत के मौसम पर असर पड़ता है। ऐसी स्थिति में भयानक गर्मी का सामना करना पड़ता है और सूखे के हालात बनने लगते हैं।

### आरोपियों की तलाश में छापे

## मास्टरमाइंड मलिक को धरा अन्य 60 संदिग्ध भी पकड़े

**एजेंसी** | देहरादून

उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हल्द्वानी के बनभूलपुरा में उपद्रव की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन के सख्त ऐक्शन मोड का रिजल्ट देखने को मिला है। हल्द्वानी हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने दो पूर्व पार्षदों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने हिंसा में शामिल करीब 60 संदिग्धों को भी पकड़ा है। आरोपियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस टीम ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाण आदि में छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। वनभूलपुरा में उपद्रव कर हिंसा फैलाने वालों की धरपकड़ तेजी से चल रही है। एसएसपी ने अलग-अलग दर्जन भर टीमें बनाकर उपद्रवियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। वहीं, उपद्रवियों के राज्य से बाहर जाने की सूचना भी पुलिस के पास है। वनभूलपुरा में पीएसी के साथ ही एसएसबी जवान भी तैनात किए हैं। प्रशासन ने हिंसा प्रभावित इलाकों को छोड़कर शहर के शेष हिस्से से कर्फ्यू हटा लिया है। इसके अलावा हिंसा प्रभावित क्षेत्र को छोड़ बाकी शहर में इंटरनेट सेवाएं भी बहाल कर दी गई हैं। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया उनकी तलाश में कुछ टीमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली व अन्य राज्यों में भेजी हैं।

### विदेश में साकार होगी राजस्थान की कला और संस्कृति

# ईरान के लोगों को जयपुर का धोद बैंड सुनाएगा 'राम' के गीत

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के रहीस भारती और उनके म्यूजिक बैंड धोद ग्रुप को ईरान के सबसे बड़े एफएजेआर अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। वे यहां भारत का प्रतिनिधत्व करेंगे और राजस्थान की कला एवं संस्कृति को साकार करेंगे। यह ईरान के सबसे प्रमुख संगीत समारोह का 39वां संस्करण है, जिसमें कई प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगीतकार विविध शैलियों में प्रस्तुति देंगे। इस साल यह संगीत महोत्सव 12 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

रहीस भारती ने कहा कि धोद समूह को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आध्यात्मिक विश्व संगीत समारोह में आमंत्रित किया गया है, जिसमें हमारी टीम अयोध्या में श्री राम मंदिर के अभिषेक का जश्न मनाते हुए भगवान रामजी के भजन, हिंदू धर्म के अन्य आध्यात्मिक गीत, भगवान कृष्ण, रामदेव महाराज के भजन और गरीब नवाज की सूफी कव्वाली पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' में विश्वास करता है, जहां विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं। इसलिए हम हिंदू और सूफी आध्यात्मिक गीत गाएंगे, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि सूफी ईरान से आए हैं। आगामी दिनों में हमारे ग्रुप को कई अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह में आमंत्रित किया गया है।



### नॉर्वे और फ्रांस में भी होगी प्रस्तुति

उन्होंने आगे कहा कि ईरान में संगीत समारोह के बाद हमारा समूह नॉर्वे और फ्रांस में प्रदर्शन करेगा। नॉर्वे में भारती और उनका समूह 50,000 स्कूली बच्चों के सामने प्रदर्शन करेगा, जो राजस्थानी कला, संस्कृति, संगीत और नृत्य को जानेंगे। नॉर्वे के स्कूल शिक्षा मंत्रालय ने उन्हें आमंत्रित किया है। आने वाले दिनों में वे पेरिस में त्जिगनी वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल सहित फ्रांस के कई प्रतिष्ठित समारोह में प्रस्तुति देने वाले हैं।



### लोक संगीत को दुनिया में लोकप्रिय बनाना लक्ष्य

रहीस ने बताया कि मेरा मिशन और दृष्टिकोण राजस्थानी लोक संगीत और नृत्य को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाना है और दुनिया भर के लोग भारत, रंगीलो राजस्थान के बारे में जाने इसके लिए प्रयास करना है। इसके साथ राजस्थान के लोक कलाकारों को सशक्त बनाना अहम उद्देश्य है। वह राजस्थान के सैकड़ों लोक कलाकारों को मौका देकर लोक संगीत और नृत्य का संरक्षण कर रहे हैं, ताकि वे लुप्त हो रहे लोक संगीत और नृत्य को जीवित रख सकें।

### 24 साल पहले फ्रांस गए तब बनाया था बैंड

सीकर जिले के धोद गांव के रहने वाले भारती 24 साल पहले फ्रांस के कोर्सिका गए और 'धोद' नाम से अपना बैंड बनाया। उन्होंने अकेले दम पर राजस्थानी लोक संगीत को दुनिया भर में पहुंचाया। भारती ने बचपन से गरीबी देखी थी, इसलिए भारती ने फैसला किया कि वह राजस्थान के लोक कलाकारों को सशक्त बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। दो दशक से भी अधिक समय में रहीस भारती और उनका धोड बैंड दुनिया भर में लगभग 7 महीने तक प्रदर्शन करने वाला राजस्थान का एकमात्र बैंड रहा है। बैंड ने 115 से अधिक देशों में 2500 से अधिक संगीत कार्यक्रमों और शो में प्रस्तुतियां दी हैं।

## अशोक सेवानी चेटीचंड सिंधी मेला समिति अध्यक्ष चुने गए



**बेधड़क. जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के अध्यक्ष पद पर अशोक सेवानी को निर्वाचित घोषित किया गया। सिंधी कॉलोनी, राजा पार्क स्थित सर्वानंद पार्क के साईं बाबा मंदिर में मतदान संपन्न हुआ, जिसमें सिंधी समाज की प्रमुख पंचायतों और संस्थाओं के मुखियाओं और पदाधिकारियों ने अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया। चुनाव संयोजक किशोर सचदेव ने बताया कि अशोक सेवानी 221 मत प्राप्त कर विजयी रहे। उन्होंने रमेश हरपलानी को 36 मतों के अंतर से हराया। 2 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना और 8 मत निरस्त घोषित किए गए। कुल 834 मतदाताओं में से 653 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदान 78.29 प्रतिशत रहा। चुनाव समिति में विजय मामनानी ,दीपक दुलानी, विजय कलवानी एडवोकेट्स ने चुनाव अधिकारी के रुप में कार्य किया।

## स्वेटर पाकर सरस्वती कुंड के स्टूडेंट्स के खिले चेहरे



**बेधड़क. जयपुर।** स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वेटर मिले तो उनके चेहरे खिल उठे। मौका था पृथ्वी फाउंडेशन राजस्थान की ओर से श्री राम पिस्टंस एंड रिंग्स लिमिटेड के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती कुंड के छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण का। फाउंडेशन की अध्यक्ष संजू कुकरेती ने छात्र-छात्राओं को कठोर परिश्रम और अनुशासन के लिए मोटिवेट किया। प्रधानाचार्य महेश गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी अर्चना गौड़, फाउंडेशन से जी पी कुकरेती, प्रमोद गुप्ता, काम्या कुकरेती, आर्य, निशांत, सुरेंद्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### डिफरेंट एक्टिविटीज में दिखाया टैलेंट



**बेधड़क. जयपुर।** बच्चों, महिलाओं और युवक व युवतियों ने डिफरेंट-डिफरेंट एक्टिविटीज के जरिए अपने टैलेंट को शोकेस किया। यह मौका उन्हें गांधी पथ वेस्ट वैशाली नगर स्थित मीनू का गुरुकुल नामक ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित कैंप में मिला। सेंटर ऑनर शिल्पा मिश्रा ने बताया कि यह होलिस्टिक ट्रेनिंग और डेवलपमेंट के लिए एक बहुत ही अच्छा विकल्प है। इस सेंटर पर अलग अलग समय पर कैंप और सेमिनार के माध्यम से सभी को डांस, जुंबा, एरोबिक्स, योगा, ऐबेकस, चेस, हैंडराइटिंग, पब्लिक स्पीकिंग जैसी बहुत सी चीजें सीखने को मिलती हैं। इस तरीके की एक्टिविटी के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी कौशल क्षमता का विकास होता है। इस दौरान बच्चों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित भी किया गया।

### आज से शुरू होगी LYF की शूटिंग




**बेधड़क. जयपुर।** साउथ मूवी लव यू फादर (LYF) की शूटिंग 12 फरवरी को दुलापल्ली में शुरू होगी। पवन केथराजू के डायरेक्शन में बनने वाली इस मूवी का पहला शॉट सुबह 10 बजकर पांच मिनट पर मल्लारेड्डी इंजीनियरिंग कॉलेज में फिल्माया जाएगा। मूवी में श्रीहर्ष, काशिका कपूर, एसपी चरण और नवाब शाह मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। मनीषा आर्ट्स एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही मूवी को किशोर राठी और महेश राठी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### TBMAUJ का बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन

## कमाई में मास महाराजा रवि तेजा पर भारी पड़े शाहिद कपूर



बेधड़क | जयपुर

शाहिद कपूर की कृति सेनोन के साथ 9 फरवरी को रिलीज हुई मूवी 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जीया', जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। कमाई के मामले में यह साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की लाल सलाम और मास महाराजा रवितेजा की ईगल पर भारी पड़ रही है। फिल्म ने दो दिन में 19 करोड़ 50 लाख रुपए का भारत में ग्रॉस कलेक्शन किया है, जबकि ईगल ने 13 करोड़ और लाल सलाम ने 7 करोड़ 25 लाख की कमाई ही कर पाई है।

ओपनिंग डे की बात करें तो 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जीया' ने इंडिया में 8 करोड़ के ग्रॉस कलेक्शन के साथ शुरुआत की थी। इसमें 6 करोड़ 70 लाख रुपए इंडिया में नेट कमाई थी। दूसरे दिन मूवी को अच्छा रिस्पांस मिला और कलेक्शन आया 11 करोड़ 50 लाख रुपए का। यह ग्रॉस कलेक्शन था इंडिया का। नेट कमाई की बात करें तो वह 9 करोड़ 65 लाख रुपए की रही। शाहिद कपूर की लास्ट रिलीज ब्लडी डेडी थी जो 2023 में रिलीज हुई थी।

यह मूवी सिनेमाघरों में नहीं आकर जियो सिनेमा पर रिलीज की गई थी, जिसे दर्शकों ने सिर-माथे लिया था। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी, जिसका डायरेक्शन अली अब्बास जफर ने किया था। फिलहाल तेरी बातों में ऐसा उलझा जीया बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### देश-विदेश के वैडिंग सेक्टर के विशेषज्ञ होंगे शामिल

## 'वेड इन इंडिया' को साकार करेगा डब्ल्यूवी कनेक्ट



बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगर एशिया के सबसे बड़े वैडिंग समिट डब्ल्यूवी कनेक्ट के तीसरे संस्करण 'विजन वेड इन इंडिया' की मेजबानी करने के लिए तैयार है। जयपुर-दिल्ली हाईवे स्थित अनन्ता स्पा एण्ड रिसॉर्ट जयपुर में 4 से 6 अप्रेल 2024 तक होने वाले इस एडिशन में देश-विदेश से वेडिंग सेक्टर से जुड़े एक्सपर्ट्स सम्मिलित होंगे। इसमें भारत में वैवाहिक समारोहों में नई तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा करेंगे। समिट में अवॉर्ड सेरेमनी और फैशन शो के आयोजन भी होंगे। रविवार को अनंता रिसॉर्ट जयपुर में फ्लैग होस्टिंग सेरेमनी हुई, जिसमें रविसूर्या ग्रुप के चेयरमैन रवीन्द्र प्रताप सिंह, मैप्सोर के डायरेक्टर प्रीतेश शर्मा, इवेंट क्राफ्टर के सीईओ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, इवेन्ट्स की सीईओ सुजाता भंडारी, वेडिंग अफेयर मैग्जीन के सीईओ रजनीश राठी, डिजाइन्स के सीईओ गुंजन सिंघल, अनंता रिसॉर्ट के डायरेक्टर ऑफ कमर्शियल गौरव मुदगल, वेडिंग वाउ की डायरेक्टर नंदिनी विजय, वीणा म्यूजिक एंड इवेंट्स के सीईओ प्रशांतजीत मालू, एसएसपी इवेंट्स के सीईओ देवेन्द्र शास्त्री और डिस्कवरी इवेन्ट्स के को-फाउण्डर यश गांधी ने डब्ल्यूवी कनेक्ट 2024 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की। डब्ल्यूवी की डायरेक्टर नंदिनी विजय और सीईओ एन. दक्षिणामूर्ति ने बताया कि इस वर्ष की थीम गेट रॉयली टेक्ड रखी गई है।

धार्मिक आयोजन | सहस्र कूट जिनालय की स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

# नेमिनाथ का अभिषेक और विश्वशांति के लिए शांतिधारा

बेधड़क | जयपुर

जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में निर्मित स्वर्ण आभा युक्त सहस्र कूट जिनालय की स्थापना दिवस के उपलक्ष पर दो दिवसीय आयोजन मंदिर में सानंद सम्पन्न हुए।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि रविवार को त्याग मूर्ति आचार्य प्रसन्न सागर व गणिनी आर्यिका गौरवमति माताजी के सानिध्य में हुए पंचकल्याणक की याद में प्रातः जिनालय परिसर में मंडल पर भगवान नेमिनाथ की प्रतिमा पाण्डुक शिला पर विराजित कर अभिषेक तथा विश्व शांति के लिए शांतिधारा करने का सौभाग्य विजय राकेश राजेंद्र ठोलिया परिवार को प्राप्त हुआ, इसके बाद जिन सहस्र नाम मंडल पूजन विधान का संगीतमय आयोजन हुआ। मंडल पर मंगल कलश शकुंतला बिंदायक्या, मीना कासलीवाल, चंद्रमणि चांदवाड़, सुनीता भोंच ने तथा अखंड ज्योति प्रकाश गंगवाल ने स्थापित की। इसमें पूजन के साथ भगवान के 1008 नामों के अर्घ्य वीरेंद्र शास्त्री के सानिध्य में समाज के श्रावकों द्वारा भक्ति भाव के साथ तथा स्वाहा स्वाहा बोलते हुए चढ़ाए गए।





दिन में क्षेत्रपाल बाबा का चोला पूजन का आयोजन हुआ तथा शाम को जिनालय में आरती की गई। आयोजन में प्रबंध समिति, महिला मंडल, युवा मंच के सदस्यों व समाज के गणमान्य श्रावक श्राविकाओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



केवल ग़लत शब्दों का ही पश्चाताप नहीं रहता... कई बार समय पर सच न बोलने का पश्चाताप भी जीवन भर रहता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## गाजा में संयुक्त राष्ट्र दफ्तर के नीचे मिली हमास की सुरंग

# राफा पर ताजा हमले में 31 मौतें

एजेंसी | यरूशलम

इजराइली सेना ने हमास से जारी युद्ध के बीच एक नए सुरंग को खोजने की जानकारी दी है। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने यूएनआरडब्ल्यूए (फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए बना संयुक्त राष्ट्र का राहत कैम्प एवं कार्य एजेंसी) स्कूल के नीचे एक सुरंग की खोज की है।

दूसरी ओर, इजराइल द्वारा दक्षिणी गाजा के शहर राफा में शनिवार को किए गए ताजा हवाई हमले में करीब 31 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। बता दें, बीते साल शुरू हुए इजराइल और हमास युद्ध के बाद गजा की 23 लाख आबादी में से आधे से अधिक लोगों को मिस्र की सीमा की ओर विस्थापित होना पड़ा है। इसके अलावा हजारों लोग अस्थाई तम्बू के बने शिविरों और संयुक्त राष्ट्र द्वारा चलाए जा रहे आश्रयों में रह रहे हैं।

यह युद्ध बीते साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के साथ शुरू हुआ था, जिसमें हमास के आतंकियों ने करीब 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी। मरने वाले में ज्यादातर आम नागरिक थे तथा हमास ने लगभग 250 लोगों का अपहरण कर लिया था।





### रमजान से पहले निपटा दो

गाजा पर जारी हमले के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पहले की तुलना में अधिक खतरनाक हो चुके हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव को देखते हुए इजराइल के पास राफा में अपने ऑपरेशन को पूरा करने के लिए केवल एक महीना है। बता दें कि राफा ऑपरेशन के जरिए इजराइल गाजा में शेष बचे हमास आतंकियों को खत्म करना चाहता है। अब उन्होंने इसके लिए समय तय कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हाल ही में युद्ध में शामिल सैन्य अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में जारी ऑपरेशन को मुस्लिमों के पवित्र महीना रमजान के पहले पूरा करना होगा। गौरतलब है कि इस साल 10 मार्च से रमजान शुरू होने वाला है।

## बड़ा हादसा: कैलिफोर्निया में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर...


# 6 लोगों की मौके पर मौत


### मृतकों में नाइजीरिया एक्सेस बैंक ग्रुप के CEO, पत्नी और बेटा भी शामिल

एजेंसी | वाशिंगटन

कैलिफोर्निया में एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में नाइजीरिया के एक्सेस बैंक ग्रुप के CEO सहित 6 लोगों की मौत हो गई। एक्सेस बैंक नाइजीरिया का प्रमुख बैंक है। एक्सेस बैंक नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में शामिल है। हादसे की खबर से नाइजीरिया लोगों में शोक की लहर है। यह घटना दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में हुई।

हादसे के कारण हेलिकॉप्टर में सवार नाइजीरिया के एक्सेस बैंक ग्रुप के CEO , उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार चॉपर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटना का शिकार हुआ। उसमें सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बर्ट विग्वे (57) भी शामिल थे। इस हादसे में नाइजीरियाई स्टॉक एक्सचेंज 'एनजीएक्स ग्रुप' के पूर्व अध्यक्ष बैमोफिन अबिमबोला ओगुनबांजो की भी मौत हो गई।





### राष्ट्रपति ने जताया शोक

घटना पर नाइजीरियाई राष्ट्रपति के प्रवक्ता बायो ओनानुगा ने कहा, 'विग्वे के पास एक्सेस होल्डिंग्स (मूल कंपनी) को अफ्रीका की सबसे बड़ी कंपनी बनाने की योजना थी।' वहीं प्रशासन ने पुष्टि की कि हेलीकॉप्टर 'यूरोकॉप्टर ईसी 120' में छह लोग सवार थे। उसने रात करीब आठ बजकर 45 मिनट पर पाम स्प्रिंग्स एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और वह नेवाडा के बोल्डर शहर जा रहा था। इस घटना से नाइजीरिया में शोक की लहर है।

### वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने की हादसे की पुष्टि

नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने मौत की पुष्टि की है। नगोजी इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, "हर्बर्ट विग्वे, उनकी पत्नी और बेटे के साथ ही ओगुनबांजो की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत होने की खबर से बहुत दुखी हूं।" विग्वे की मौत से नाइजीरिया और बैंकिंग क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। विग्वे के नेतृत्व में ही एक्सेस बैंक की संपत्ति और उपस्थिति कई अफ्रीकी देशों में बढ़ी।

## गाजा के राफा में हमले पर इजराइल को कड़ी चेतावनी

# इसके नतीजे बहुत गंभीर होंगे: सऊदी अरब

एजेंसी | रियाद

सऊदी अरब ने गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर राफा में इजराइली हमले के बेहद खतरनाक नतीजे होने की चेतावनी दी है। इस इलाके में हजारों फिलिस्तीनियों ने इजराइल-हमास युद्ध की वजह से शरण ली है। सऊदी के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि राफा उन हजारों नागरिकों के लिए अंतिम आश्रय है, जिन्हें क्रूर इजराइली आक्रमण ने भागने के लिए मजबूर किया है। इस क्षेत्र में भी अगर इजराइल हमले करता है, तो फिर इसके खतरनाक परिणाम होंगे। बयान में कहा गया है कि राफा पर हमला करना क्रूरता की हद होगी। हम इजराइल की जबरन लोगों को विस्थापित करने की कोशिश की कड़ी निंदा करते हैं और तत्काल युद्धविराम के अपने आह्वान को दोहराते हैं। सऊदी ने कहा है कि इजराइल लगातार अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को चाहिए कि वह इजराइल को इस तबाही से रोकने के लिए तत्काल एक सत्र आयोजित करे। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफाह में अभियान और उनकी सेना की ओर से हमलों पर मिस्र ने भी प्रतिक्रिया दी है। मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने भी इजराइली सरकार को इन हमलों पर चेतावनी दी है।





### कभी देखा है गर्म चांद!

# बृहस्पति के 'आईओ' की आई नई तस्वीर

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा आईओ की जो नई तस्वीर ली है उसमें बैकड्रॉप में स्पेस को दिखाया गया है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि आईओ का दाहिना इलाका सूर्य की रोशनी से चमक रहा है।

चांद की सतह पर काल्डेरा ज्वालामुखी दिखाई दे रहा है। ऐसे हजारों ज्वालामुखी इस चांद को बाकी चंद्रमाओं से गर्म बनाते हैं। यह तस्वीर नासा के जूनो स्पेसक्राफ्ट ने ली है। जूनो ने बीते शनिवार को बृहस्पति के चंद्रमा आईओ के करीब से अपना आखिरी चक्कर पूरा किया। इससे पहले पिछले साल 30 दिसंबर को जूनो स्पेसक्राफ्ट, आईओ के करीब पहुंचा था। तब भी उसने आईओ की तस्वीरें ली थीं।



### रेडिएशन का करना पड़ा था सामना

पिछली बार नजदीकी उड़ान के दौरान जूनो स्पेसक्राफ्ट को बहुत ज्यादा रेडिएशन का सामना करना पड़ा था। साल साल 2016 में जूनो स्पेसक्राफ्ट बृहस्पति ग्रह की कक्षा में पहुंचा था। तब से यह लगातार उसकी निगरानी कर रहा है। 8 अप्रैल 2023 को जूनो ने बृहस्पति ग्रह का 50वां क्लोज पास पूरा किया था। यानी स्पेसक्राफ्ट ने बृहस्पति के चारों ओर 50 परिक्रमाएं पूरी कर लीं। यह स्पेसक्राफ्ट बृहस्पति ग्रह के अन्य चंद्रमाओं को भी टटोल रहा है, जिनमें गेनीमेड प्रमुख है।

### क्यों गर्म है आईओ

दरअसल, आईओ को बृहस्पति ग्रह और उसके अन्य चंद्रमाओं की वजह से तेज गुरुत्वाकर्षण बल का सामना करना पड़ता है। इससे वहां ज्वालामुखी गतिविधियां होती हैं और ज्वालामुखी विस्फोट और लावा निकलते हैं। जूनो स्पेसक्राफ्ट की उड़ान का मुख्य मकसद आईओ में होने वाली ज्वालामुखीय प्रक्रियाओं को समझना है। वह यह भी पता लगाना चाहता है कि क्या इसकी सतह के नीचे मैग्मा ओशियन है? पिछली उड़ान के दौरान जूनो स्पेसक्राफ्ट, आईओ के 1500 किलोमीटर तक करीब पहुंच गया था।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl